CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 15°C

देहरादून, शनिवार 14 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 215 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'जिंदाबाद' से कुछ नहीं होता, बदलाव के लिए संकल्प जरूरीः राहुल गांधी — पेज 2




लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में गोल्ड जीता — खेल टाइम्स



नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी — सम्पादकीय



मुजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं: नेतन्याहू — पेज 12

# अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर ईरान का हमला

**तेहरान।** अमेरिका को उम्मीद थी कि उसके हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद युद्ध शायद जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन ईरान ने जिस तरह से पलटवार किया है, उससे अमेरिका, पश्चिम एशिया में फंसता नजर आ रहा है। अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमले का दावा किया है।

आईआरजीसी ने एक बयान में दावा किया है कि उनकी एक बैलिस्टिक मिसाइल ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। आईआरजीसी का कहना है कि इस हमले के चलते युद्धपोत काम करने की स्थिति में नहीं रह गया है और उसे खाड़ी जल क्षेत्र से पीछे हटना पड़ा है। हालांकि अमेरिका ने इस दावे को खारिज कर दिया है। ईरान ने एक बयान जारी कर कहा है कि एक सटीक मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। ईरान ने कहा है कि ओमान के जलक्षेत्र में युद्धपोत पर हमला किया गया, जो ईरान की समुद्री सीमा से करीब 340 किलोमीटर दूर है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि हमले के बाद -शेष पृष्ठ दो पर



**■ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत पर हमले का दावा किया**

## इराक में अमेरिका का केसी- 135 टैंकर विमान क्रैश चालक दल के चार सदस्यों की मौत

**बगदाद।** ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों के दौरान अमेरिकी वायुसेना का केसी-135 रिफ्यूलिंग टैंकर विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में छह क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। अमेरिकी सेना ने बताया कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों का समर्थन कर रहा केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान में सवार छह चालक दल के सदस्यों में से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। हादसे के बाद बचाव अभियान जारी है। पश्चिम एशिया क्षेत्र की निगरानी करने वाली यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह दुर्घटना फ्रेंडली एयरस्पेस में दो विमानों से जुड़े एक अज्ञात घटना के बाद हुई। घटना में शामिल दूसरा विमान सुरक्षित लैंड कर गया।

## फिर निशाने पर दुबई, धमाके से इमारतें हिलीं आसमान में छाया धुआं

**दुबई।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच दुबई में लगातार दूसरे दिन जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। शुक्रवार को तेज धमाकों की आवाज से शहर की कई इमारतें हिल गईं। इस दौरान मध्य दुबई के एक हिस्से में आसमान में काले धुएं का घना गुबार देखा गया। चश्मदीदों के अनुसार, दो बड़े धमाके हुए जिससे पूरा इलाका दहल गया। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी दी।

## 24वां रोज़ा

### ख्वाहिशें छोड़ें, अल्लाह से रिश्ता जोड़ता है रोज़ा



कुरआने-पाक में ज़िक्र है- 'मगर तुम लोग दुनिया की जिंदगी को अख्तियार करते हो, हालांकि आखिरत बहुत बेहतर और पाइन्दातर है।' इन पाकीज़ा आयतों की रोशनी में रमज़ान के इस आखिरी अशरे और खास तौर से चौबीसवें रोज़े की फज़ीलत को अच्छी तरह समझा जा सकता है। इस आयत में दुनियावी ज़िंदगी यानी नफ्सी ख्वाहिशात को छोड़ने और आखिरत से रिश्ता जोड़ने की बात कही गई है। यहां दो सवाल हैं। एक तो आखिरत से रिश्ता क्यों जोड़ें? दूसरा, आखिरत से रिश्ता कैसे जोड़ा जाए? जहां तक पहले सवाल का ताल्लुक है, तो कुरआने-पाक की मजकूर सत्रहवीं आयत में इसका जवाब है। यह कि आखिरत से रिश्ता जोड़ें, क्योंकि आखिरत 'बहुत बेहतर' है और पाइन्दातर है।

## पीरियड्स लीव पर सीजेआई की महत्वपूर्ण टिप्पणी

# महिलाओं को कोई काम नहीं देगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए देशभर में मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि ऐसी नीति अनजाने में लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकती है और इससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि और नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से कतराने लगेंगे।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऐसी मांगें अनजाने में महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच को भी मजबूत कर सकती हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि मासिक धर्म को किसी कमजोरी या हीनता के रूप में पेश करना सही नहीं है। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी इस विषय पर दी गई याचिकाकर्ता की प्रतिनिधित्व पर विचार कर सकते हैं और सभी हितधारकों से परामर्श करके नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं। यह याचिका शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने दायर की थी, जिसमें महिलाओं के लिए छात्रों और कामकाजी महिलाओं दोनों के लिए मासिक धर्म अवकाश की राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने बताया कि कुछ राज्य और संस्थान पहले ही इस दिशा में कदम उठा चुके हैं। उन्होंने केरल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां स्कूलों में कुछ राहत दी गई है और कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से कर्मचारियों को यह अवकाश दे रही हैं। इस पर -शेष पृष्ठ दो पर



**■ महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से अदालत ने किया इन्कार**

## सात साल जेल में रहने के बाद एनडीपीएस मामले के दोषी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) एक्ट के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है।

अदालत ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने मनोज कुमार गुप्ता की अपील स्वीकार करते हुए पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पहले उनकी सजा को निलंबित करने और जमानत देने से इन्कार किया गया था। मनोज कुमार गुप्ता ने मई 2025 में पटना हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। यह मामला साल 2000 में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट की कई गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। ये धाराएं आमतौर पर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों से संबंधित होती हैं।

# सरकार का दावा: देश में तेल और गैस का संकट नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ राज्यों को जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी तनाव और होर्मुज क्षेत्र में तेल व गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने की खबरों के बीच भारत में ईंधन संकट की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर बुकिंग या खरीदारी न करने की अपील की। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां फिलहाल 100 प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर शर्मा ने कहा कि देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है।

## एलपीजी संकट पर संसद में विपक्ष की नारेबाजी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन, शुक्रवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की।

इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। इधर टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में प्रस्ताव दिया है।

**■ टीएमसी ने सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में दिया प्रस्ताव**




नई दिल्ली: बढ़ती गैस सिलेंडरों की किल्लत के मद्देनजर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस।

# ईरान बोला: भारत हमारा दोस्त, होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित रास्ता देंगे

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं।

नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे सवाल पूछा गया कि क्या ईरान भारत को होर्मुज स्ट्रेट में रास्ता देगा। इस पर फतहाली ने कहा कि हां, क्योंकि भारत हमारा दोस्त है। उनके मुताबिक भारत और ईरान के बीच लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रिश्ता रहा है। इसी बीच ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। हमले में चोट इतनी गहरी थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा और लिवर को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है।

**■ ओमान में ड्रोन अटैक, दो भारतीयों की मौत**

## पीएम मोदी ने की ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डा. मसूद पेजेशकियान से क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर चर्चा की हैं। मोदी ने शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और शांति बहाली के लिए बातचीत तथा कूटनीति का आग्रह किया। उन्होंने तनाव बढ़ने, आम नागरिकों की जान जाने तथा नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा, साथ ही सामान व ऊर्जा के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।


मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
● ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
● LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता
68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

## आपदा प्रभावित छह राज्यों के लिए 1912 करोड़ की सहायता राशि मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 में बाढ़, आकस्मिक बाढ़ , बादल फटने, चक्रवात 'मोंथा' और भूस्खलन से प्रभावित आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड तथा केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1,912.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में यह मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि यह केन्द्रीय सहायता राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से प्रदान की गई है, जो वर्ष की प्रारंभिक शेष राशि में उपलब्ध राज्य आपदा मोचन कोष के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। मंजूर की गई कुल राशि 1,912.99 करोड़ रुपये में से, आंध्र प्रदेश के लिए 341.48 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ के लिए 15.70 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 778.67 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 288.39 करोड़ रुपये, नगालैंड के लिए 158.41 करोड़ रुपये तथा जम्मू-कश्मीर के लिए 330.34 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

# कांग्रेस ने लगातार असम में झूठ बोला: प्रधानमंत्री

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने असम के लोगों से लगातार झूठ बोला। कांग्रेस की गलत नीतियों ने इस राज्य को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि बाहरी देशों के युद्ध की वजह से हमारे किसानों पर असर पड़ता है। हमने कृषि को बाहरी संकट से बचाने के लिए आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दिया है।

कांग्रेस ने साबित कर दिया कि वो किसी भी स्थिति में देश के लिए ईमानदार नहीं है। मोदी ने कहा कि आज युद्ध की स्थिति में कांग्रेस केवल गलत प्रचार करने में जुटी है। वे केवल देश को अंधेरे में रखना चाहते हैं, देश को गुमराह कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि टी-गार्डन के किसानों का सम्मान करना मेरे लिए कर्ज चुकाने जैसा है। आपकी चाय बेचकर मैं पीएम बन गया। मां कामाख्या देवी ने मुझे चाय बागान के लोगों का कर्ज चुकाने का मौका दिया है। पीएम 13-14 मार्च को असम के दो दिन के दौर पर हैं। उन्होंने पहले दिन 24.250 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरुआत भी की। पीएम दो दिन में यहां कुल मिलाकर 47800 रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 14 मार्च को सुबह करीब 10.45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और करीब 23,550 करोड़ रुपये के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।



**■ किसानों को विदेशों पर निर्भर रखा, दौरे के पहले दिन 24,250 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया**

# यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा 22 मार्च को आठ जिलों में होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) प्रारंभिक परीक्षा-2025 का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है।

यह परीक्षा 22 मार्च को प्रदेश के आठ प्रमुख जिलों में आयोजित की जाएगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पांडेय ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी। परीक्षा के लिए प्रयागराज के अलावा अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

**■ सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी**

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका-इजरायल का हमला गलत था, ईरान का भी गलत: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पार्टी के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने कहा है कि अमेरिका तथा इजरायल का ईरान के खिलाफ युद्ध में उतरना गलत था, लेकिन ईरान ने भी उन देशों पर हमला कर गलत ही किया है जो युद्ध में शामिल ही नहीं हैं। थरूर ने शुक्रवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि निर्दोष नागरिकों की जान से खेलना ठीक नहीं है। उनका यह भी कहना था कि जो हालात अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले और फिर ईरान के पड़ोसी देशों में किए जा रहे हमले से बन रहे हैं वह गंभीर है। उनका कहना था कि इन सब स्थितियों के बीच भारत का चुप रहना भी ठीक नहीं है। अमेरिका और इजरायल के हमले को सैद्धांतिक रूप से गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां आत्मरक्षा वाली बात को सही नहीं ठहराया जा सकता।

### बैंक हैकिंग में दो नाइजीरियाई गिरफ्तार किए

**लखनऊ।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए नाइजीरिया के दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोलर स्पाइडर नामक साइबर थ्रेट समूह से जुड़े बताए जा रहे हैं, जो सहकारी बैंकों की साइबर सुरक्षा में खामियों का फायदा उठाकर करोड़ों रुपये की अवैध निकासी की योजना बना रहे थे। नाइजीरियाई नागरिकों को साइबर क्राइम थाना, नॉलेज पार्क थाना और मेरठ जोन की साइबर कमांडो टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह सहकारी बैंकों को निशाना बनाता था, जहां साइबर सुरक्षा अपेक्षाकृत कमजोर होती है।

# जिंदाबाद से कुछ नहीं, बदलाव को संकल्प जरूरी

## कांशीराम को याद करते बोले राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि केवल 'राहुल गांधी जिदाबाद' के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता। बदलाव तब आता है, जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है उसे वह स्वीकार नहीं करेगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बीआर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे। आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है। गांधी ने कहा कि अगर जवाहरलाल नेहरू आज जीवित होते, तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि जब कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन हुआ था, तब उत्तर प्रदेश में राजग की सीटें घटकर 36 रह गई थीं।

### सामाजिक परिवर्तन दिवस के बहाने दलितों को साधने में जुटी कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पाटी द्वारा आयोजित 'सामाजिक परिवर्तन दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए। कांशीराम जयंती के दो दिन पहले प्रस्तावित यह कार्यक्रम 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के सामाजिक आधार को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यह पहल बसपा के संस्थापक और दलित विचारक कांशी राम की जयंती से दो दिन पहले शुरू की जा रही है। राज्य की दलित राजनीति पर उनकी विरासत का गहरा प्रभाव माना जाता है। करीब दो साल के अंतराल के बाद लखनऊ में राहुल गांधी का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। इससे पहले उन्होंने मई 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित किया था। आज होने वाले कार्यक्रम में दलित नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य फोकस सामाजिक न्याय, राजनीतिक भागीदारी और हाशिए पर पड़े समुदायों के सशक्तिकरण पर रहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दौरान दलित समुदाय कठिन दौर से गुजर रहा है और यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय की नई पहल साबित होगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, यह पहल 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पूरे उत्तर प्रदेश में दलित मतदाताओं से जमीनी स्तर पर फिर से संपर्क स्थापित करने के लिए व्यापक अभियान की शुरुआत मानी जा रही है।

### पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नहीः केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और गैस सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में पांच मार्च की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, घरों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। शर्मा ने कहा कि पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नहीं है और किसी भी एलपीजी डीलर के यहां कोई कमी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि एलपीजी बुकिंग बढ़कर 75.7 लाख हो गई है, जबकि युद्ध से पहले यह औसतन 55.7 लाख थी। यह बढ़ोतरी लोगों द्वारा घबराहट में की जा रही पैनिक बुकिंग को दर्शाती है।" लड़ाई की वजह से क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई पर असर पड़ा है। सरकार ने जमाखोरी को रोकने के लिए राज्यों को निर्देश दिए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर नजर रखें। साथ ही तेल कंपनियों के कॉल सेंटर्स में लोगों की संख्या और सीटें बढ़ा दी गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं की हर शिकायत और सवाल का तुरंत समाधान हो सके।

### योगी व राजनाथ ने किया ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में समता मूलक चौराहे से डालीगंज तक ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने अगले चरण का शिलान्यास भी किया। शहर के झूलेलाल पार्क में आयोजित समारोह में प्रदेश के कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को लखनऊ के यातायात को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इस परियोजना के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन तेज और सुगम होगा, जिससे ट्रैफिक दबाव कम होने के साथ ही लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

गौरतलब है कि 100 करोड़ की लागत से ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण का लोकार्पण 11 मार्च, 2024 को किया गया था। 6-8 किलोमीटर लंबा ये पुल आईआईएम रोड से पक्का पुल तक बना था जबकि 299 करोड़ की लागत से आज परियोजना के द्वितीय चरण का लोकार्पण किया गया है। इस चरण के अंतर्गत डालीगंज से लेकर निशातगंज होते हुए समता मूलक चौक तक का हिस्सा आता है। लगभग सात किमी लंबे इस पुल के खुलते ही हजरतगंज, डालीगंज और निशातगंज जैसे घनी आबादी वाले और व्यस्ततम क्षेत्रों में लगने वाले भीषण जाम से बड़ी राहत मिलेगी और लोगों का आवागमन सुरक्षित रहेगा।

# योगी सरकार ने कसा गोकशी पर शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ गोकशी के 14182 मामले दर्ज, 35924 आरोपी भेजे जेल**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गो. कशी, गोतस्करी और अवैध पशु वध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक प्रदेश भर में गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सरकार की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, गोकशी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सामान्य मुकदमों के साथ-साथ कड़े कानूनों के तहत भी कार्रवाई की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कठोर कार्रवाई की गई है। सरकार की इस सख्ती से गोकशी और गोतस्करी से जुड़े संगठित गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिली है। पुलिस और प्रशासन ने कई जिलों में सक्रिय नेटवर्क की पहचान कर उन्हें ध्वस्त किया है। गोकशी से जुड़े अपराधियों पर केवल कानूनी ही नहीं बल्कि आर्थिक कार्रवाई भी की गई है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक लगभग 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। इसमें अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं।

## सरकार के दावे के उलट रसोई गैस का संकट बरकरार

# योगी के सख्त कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर आम आदमी की रसोई में गैस सिलेंडर की कमी के रूप में देखने को मिल रहा है। गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता के सरकारी दावे के उलट लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं।

कई स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडरों का वितरण कराया जा रहा है। सीएम योगी ने गैस की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और अफसरों को 24 घंटे मॉनिटरिंग करने को कहा है। लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार, आलमबाग, राजाजीपुरम, अलीगंज और कमांडर रोड सहित कई इलाकों में सुबह से ही उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़े नजर आए। खरगा. पुर इलाके में एक एजेंसी के बाहर करीब 400 मीटर लंबी कतार देखी गई, जहां लोग सुबह 6 बजे से ही सिलेंडर लेने के लिए पहुंच गए थे। कई को 4 से 5 घंटे इंतजार के बाद सिलेंडर मिल पाया।

**■ यूपी के कई जिलों में कालाबाजारी की शिकायत**

### गैस के लिए कई जिलों में हुआ हंगामा

यूपी के कई जिलों में गैस सिलेंडर को लेकर विवाद और हंगामे की घटनाएं भी सामने आई हैं। बाराबंकी में गैस एजेंसी पर लाइन में आगे-पीछे होने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने की सूचना है। मोदीनगर में सिलेंडर से भरा ट्रक पहुंचते ही लोग उस पर टूट पड़े और कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं महराजगंज में सिलेंडर न मिलने से नाराज लोगों ने नौतनवा-गोरखपुर मार्ग पर जाम लगा दिया, जिसे पुलिस ने समझाकर खुलवाया।

### लगी रहीं लाइनें

प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, रायबरेली, देवरिया और शाहज. हांपुर समेत कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से लंबी लाइनें लगी रहीं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा है। लोगों ने यह भी शिकायत की कि सिलेंडर ब्लैक में 1500 से 2000 रुपये तक में बेचे जा रहे हैं।

### जनजीवन पर असर

गैस की कमी का असर आम जनजीवन पर भी पड़ने लगा है। शाहजहांपुर में 10 रुपये में भोजन देने वाली 'परी आपकी रसोई' को गैस की आपूर्ति रुकने के कारण बंद करना पड़ा। मेरठ में हॉस्टल के छात्रों के लिए भोजन व्यवस्था प्रभावित होने पर एक संचालक को घर से खाना बनवाकर छात्रों को खिलाना पड़ रहा है।

### खामेनेई की मौत पर मौन की वजह बताए सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की रहस्यमयी हवाई दुर्घटना में मृत्यु पर राजकीय शोक की घोषणा करने वाली मोदी सरकार को बताना चाहिए कि अब वह हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई की मौत पर मौन क्यों है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान के संवैधानिक प्रमुख आयतुल्लाह खामेनेई की 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा हत्या कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौन हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर मौन हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 74563.92

**निफ्टी** 23151.10



**सोना** 158000

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 260000

प्रति किलो



# शेयर बाजारों में बिकवाली का दबाव बढ़ा सेंसेक्स - निफ्टी में दो फीसदी तक गिरावट

मुंबई, वार्ता



ईरान युद्ध के चलते वैश्विक बाजार में गहराते संकट के बीच भारत के शेयर बाजारों में तेज गिरावट का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा और प्रमुख सूचकांकों में दो प्रतिशत या उससे अधिक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

पश्चिम एशिया की स्थिति से ईंधन और मुद्रास्फीति को लेकर बढ़ती चिंताओं के चलते आज स्थानीय शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली दिखी। विश्लेषकों के अनुसार मार्जिन मनी का दबाव बढ़ने से निवेशकों को अपने अल्पकालिक दबाव से निपटने के लिए बिकवाली करनी पड़ रही है। इन सबके सम्मिलित प्रभाव से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 प्रमुख शेयरों वाला निफ्टी-50 कल की तुलना में 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत गिर कर 23151.10 अंक पर बंद हुआ। बीएसई30 सेंसेक्स में 1470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 74563.92 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बीएसई30 शुरू में ही बड़ी गिरावट के साथ 75,444.22 पर खुलने के बाद सुधर कर 75,576.20 तक गया लेकिन लेकिन यह तेजी टिकी नहीं और लगातार गिरावट के बीच एक समय दिन के न्यूनतम 74,454.60 पर पहुंचने के बाद अंत में 74,563.92 पर बंद हुआ। कल सेंसेक्स करीब एक प्रतिशत गिरावट के साथ 76,034.42 पर बंद हुआ था। बीएसई में आज 30 में से 29 शेयरों में घाटा हुआ। एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति, बीईएल, में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। इंडिगो, कोटक बैंक, इटर्नल, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा एक्सिस बैंक को भी दो प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 2.04 प्रतिशत, निफ्टी बैंक 2.44 प्रतिशत, निफ्टी 100 2.15 , निफ्टी मिड कैप 100 में 2.65 प्रतिशत तथा स्माल कैप 100 सूचकांक में 2.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### ईरान युद्ध का असर: सोना और चांदी की कीमतें गिरीं

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से चांदी-सोने में शुक्रवार को को गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,748 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 12 मार्च को सोना 1,60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 8,350 रुपए घटकर 2.60 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.68 लाख रुपए किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 17,566 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 44 दिन में चांदी 1,25,982 लाख रुपए सस्ती हो गई है। अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व की ओर ब्याज दरों में जल्द कटौती की संभावना कम कर दी है।

# ईरान-इजरायल युद्ध की आंच से कांच उद्योग भी प्रभावित

फिरोजाबाद, वार्ता

इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच फिरोजाबाद में कांच उद्योग पर भी गैस आपूर्ति में कटौती के कारण संकट के बादल छाने लगे हैं। जिले में कई छोटी चूड़ी इकाइयां बंद हो चुकी है जबकि कुछ बंद होने के कगार पर है।

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच गहराते हुए युद्ध के संकट का असर पेट्रोलियम पदार्थो पर देखा जा रहा है । फिरोजाबाद की कांच ईकाइयां जो प्राकृतिक गैस से संचालित है। गैस के संकट की स्थिति को देखते हुए भारत पेट्रोलियम मंत्रालय ने कारखाने को दी जाने वाली गैस आपूर्ति के कोठी में 20 फीसदी कटौती करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसकी वजह से कांच कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रभावित होने के साथ उत्पादन लागत में बढ़ोतरी हुई है, जो कारखाना मालिकों के लिए चिंता का विषय बन गई है। उत्पादन की लागत बढ़ने से उसकी बिक्री पर भी प्रभावित हो रही है। फिरोजाबाद ग्लास मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि गैस अर्थारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) द्वारा मिले निर्देशों के अनुसार कांच फैक्ट्री मिलने वाली गैस के कोटे को 20 प्रतिशत कम प्रयोग कर सकेंगी अन्यथा उन्हें अतिरिक्त उपयोग की गई गैस की रेट पर पेनल्टी के रूप में अतिरिक्त भुगतान करना होगा । कारखाना मालिकों के सामने संकट यह है कि उनकी भट्टियां निर्धारित कोटे की अनुरूप बनी हुई है। अब यदि गैस कम मिलती है तो उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। जिसकी वजह से कांच उत्पादन की लागत भी प्रभावित होगी। फिरोजाबाद की कांच इंडस्ट्रीज के लिए यह एक संकट की स्थिति बन गई है। भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त गैस की रेट भी निश्चित नहीं की गई है इसलिए यहां फैक्ट्री के मालकिन असमंजस की स्थिति में है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सरकार लोगों की दिक्कत मानने को तैयार नहीं: डिंपल

**लखनऊ।** एलपीजी संकट को लेकर समाजवादी पार्टी की लोकसभा सांसद डिंपल यादव ने केंद्र सरकार पर ज़ोरदार हमला बोला है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को ब्लंडर जनता पार्टी बताया और कहा कि सरकार अमेरिका के सामने इतना नतमस्तक क्यों हैं? जब भी देश पर कोई कठिनाई आती है, तो ये सरकार मौन क्यों हो जाती है। सरकार ने लोगों को लेकर कोई तैयारी क्यों नहीं की। सपा सांसद ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ये समझना चाहिए कि जिस तरह से सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं, चाहे घरेलू सिलेंडर हो या कमर्शियल सिलेंडर हो, जिस तरह हवाई जहाज़ के टिकट के दाम बढ़ रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

अमेरिकी युद्धपोत...

अमेरिकी युद्धपोत और उसका स्ट्राइक ग्रुप पीछे हट गया है। हालांकि इस दावे के पक्ष में ईरान के सरकारी मीडिया ने कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है। आईआरजीसी ने भी अमेरिकी युद्धपोत पर हमले का दावा किया है। अमेरिका ने ईरान के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। यूएस सेंट्रल कमांड ने यूएसएस अब्राहम लिंकन की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप, ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में लगातार मदद कर रहा है। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना के सबसे ताकतवर युद्धपोतों में से एक है। ऐसे में इस पर हमला यकीनी तौर पर अमेरिका के लिए बड़ा झटका होगा। यूएसएस अब्राहम लिंकन निमित्ज श्रेणी का पांचवा युद्धपोत है। यह परमाणु ऊर्जा से चलने वाला पोत है, जो दक्षिण चीन सागर में तैनात रहता है। इस युद्धपोत को अमेरिकी नौसेना में 1989 में शामिल किया गया था। यह युद्धपोत 97 हजार टन वजनी है और इसकी फ्लाइट डेक करीब 4.5 एकड़ में फैली हुई है। इसकी लंबाई करीब 1092 फीट है। इसमें चार हैंगर एलीवेटर हैं और यह अपने साथ 90 लड़ाकू विमान ले जा सकता है। इसकी डेक पर अमेरिका के सबसे आधुनिक लड़ाकू जेट एफ-35सी तैनात हैं। इस युद्धपोत पर पांच हजार से ज्यादा नौसैनिक, मरीन और क्रू के सदस्य तैनात हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत है। यह युद्धपोत इतना बड़ा है कि इसका अपना खुद का जिप कोड, टीवी और रेडियो स्टेशन, एक अखबार, अग्निशमन केंद्र, लाइब्रेरी, एक अस्पताल, जनरल स्टोर जैसी सुविधाएं हैं।

महिलाओं को.... मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि स्वैच्छिक रूप से दी गई ऐसी सुविधाएं अच्छी हैं, लेकिन अगर इसे कानून के जरिये अनिवार्य बना दिया गया, तो इसके सामाजिक और पेशेवर प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह धारणा बन सकती है कि महिलाओं को अतिरिक्त छुट्टियां मिलेंगी, जिससे उनके रोजगार के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता पहले ही संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर प्रतिनिधित्व दे चुके हैं, इसलिए बार-बार अदालत से आदेश मांगने की आवश्यकता नहीं है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रतिनिधित्व पर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया।

# गाजियाबाद जिला आवासीय सौर ऊर्जा का मॉडल बना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ नक्शा पास प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिग अनिवार्य**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले ने आवासीय सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के लिए एक मॉडल प्रस्तुत किया है।

औरैया की पहल से प्रेरित होकर गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है, जिसके तहत अब नए बनने वाले आवासीय भवनों के नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिग को अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इस व्यवस्था का उद्देश्य बिजली की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करना है। प्रशासन का मानना है कि इससे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में ऊर्जा संकट से भी राहत मिलेगी। प्रस्ताव के अनुसार नगर निगम, नगर पालिकाएं और नगर पंचायतें अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण के दौरान सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली का क्रियान्वयन अनिवार्य होगा। इससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग का दायरा व्यापक होने की उम्मीद है। राज्य सरकार गाजियाबाद की इस पहल को अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय मान रही है। सरकार का मानना है कि प्रदेश के सभी जनपद स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों के स्तर पर नीतिगत निर्णय लेकर आवासीय सोलर कवरेज बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकते हैं। उत्तर प्रदेश घरेलू रूफटॉप सोलर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1440 मेगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता स्थापित की जा चुकी है, जिससे प्रतिदिन 60 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। यह बिजली बिना कोयला जलाए उत्पन्न हो रही है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से आम नागरिकों को प्रतिदिन औसतन करीब चार करोड़ रुपये की बिजली बचत का लाभ मिल रहा है।

# अदालत ने फारूख अब्दुल्ला के खिलाफ वारंट वापस लिया

श्रीनगर, वार्ता



श्रीनगर की अदालत ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन घोटाले के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ पहले जारी किए गए गैर-जमानती वारंट को वापस ले लिया है।

अदालत ने श्री अब्दुल्ला के अधिवक्ता इश्तियाक खान द्वारा कार्यवाही में उनकी अनुपस्थिति का कारण बताते हुए एक आवेदन दायर करने के बाद यह निर्णय लिया। श्री खान ने अदालत को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एक दिन पहले जम्मू में उन पर हुए 'कातिलाना हमले' से सदमे के कारण सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। श्री खान ने दलील दी कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष इस घटना के बाद की स्थितियों के कारण शारीरिक रूप से या वर्चुअल मोड के माध्यम से पेश होने में असमर्थ थे। उन्होंने शुरू में एक नियमित छूट का आवेदन दायर किया था, लेकिन जब अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया, तो उन्होंने वारंट को वापस लेने की मांग करते हुए एक विस्तृत आवेदन दिया और श्री अब्दुल्ला की अनुपस्थिति के पीछे की परिस्थितियों को स्पष्ट भी किया। खान ने बताया कि अदालत ने दलील स्वीकार कर ली और तुरंत वारंट वापस ले लिया। इस तरह का रिकॉल उसी अदालत द्वारा किया जाना होता है जिसने वारंट जारी किया हो।

# भ्रष्टाचार पर विपक्ष ने सरकार पर बोला हल्ला

**गैरसैंण बजट सत्र का पांचवां दिन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गैरसैंण।** भराड़ीसैंण में चल रहे उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र 2026 के शुक्रवार को पांचवें दिन सदन में बजट पर चर्चा के साथ कई विभागों के बजट पारित होने की प्रक्रिया पूरी हुई। वहीं विपक्ष भी सरकार को घेरने की तैयारी के साथ आया था और विपक्ष का आरोप था कि प्रदेश के कई विभागों में भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं और सरकार को इस पर सदन में जवाब देना चाहिए.

गैरसैंण विधानसभा बजट सत्र 2026 का पांचवां दिन. सदन में भ्रष्टाचार पर चर्चा शुरू हुई तो कांग्रेस ने नियम 310 के तहत भ्रष्टाचार पर चर्चा की मांग रखी। विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को सुना और नियम 58 के तहत चर्चा की अनुमति दी

नियम 58 में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने रखे अपने विचार रखे। उनका कहना था कि प्रदेश में भ्रष्टाचार की जड़ें लगातार मजबूत होती जा रही हैं। भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा है और सरकार का जीरो टॉलरेंस का नारा फेल हो चुका है। सरकार के संरक्षण में खुली छूट के चलते भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। भर्ती घोटाला, योजनाओं के क्रियान्वन घोटाले का मामला सहित कई मामले भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके हैं। सुशासन की बात सरकार करती है, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं। विकास प्राधिकरण में जब तक रिश्वत ना दी जाए, तब तक नक्शे पास नहीं होते। अवैध खनन हो या खनन के डंपर चालकों से पुलिस हफ्ता लेने का काम करती है। स्मार्ट सिटी के कार्यों में भी बड़ी धांधली है, जिसका कि कैग की रिपोर्ट में जिक्र है। देहरादून के परेड ग्राउंड में हुए रीडेवलपमेंट कार्यों में भी बड़ी धांधली का मामला कैग की रिपोर्ट में सामने आया है। वहीं उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा भुवन चंद्र खंडूड़ी ने सरकारी नौकरी में इंटरव्यू को खत्म कर पारदर्शिता लाएं। यही अब वर्तमान भाजपा सरकार ने होम्योपैथिक डॉक्टर की भर्ती में अपनी सरकार द्वारा बनाए गए नियम को बदलकर भ्रष्टाचार को आमंत्रण देने का खुला उदाहरण दे रही है। दिल्ली में सीबीएसई की किताब 60 रुपए में बिकती है और उत्तराखंड में वही किताब 100 रुपए में बिक रही है। प्रदेश में रोजगार का सौदा भर्ती घोटाले ने साफ कर दिया है। जीरो टॉलरेंस का नारा देने वाली सरकार ही भ्रष्टाचार में लिप्त है। 67 हजार से ज्यादा सरकारी बसे बिना फिटनेस के चल रही है। यह आंकड़ा कैग की रिपोर्ट का है।

## आर्य–प्रीतम ने उठाया गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी व जमाखोरी का मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने नियम 310 पर प्रदेश में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि प्रदेशभर में एलपीजी गैस के लिए लाइनें लग रही हैं। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट संचालकों को एलपीजी सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं। पक्ष व विपक्ष के बीच बहस होने से सदन की कार्यवाही 45 मिनट के स्थगित हुई।

जिस पर संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा, एलपीजी की आपूर्ति केंद्र सरकार का विषय है। लिहाजा इस पर सदन में चर्चा नहीं की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्तमान में जिस तरह की परिस्थिति है, उससे केंद्र सरकार ने व्यावसायिक गैस सिलिंडरों की आपूर्ति पर रोक लगाई है। घरेलू एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि बहरहाल सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को एलपीजी की कालाबाजारी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नैनीताल जिले में तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई। बता दें कि सत्र शुरू होते ही सदन में विपक्ष ने अवैध खनन का मुद्दा उठाया, लेकिन सरकार के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से वाक आउट कर दिया।

## मंत्री बहुगुणा ने पक्ष–विपक्ष के विधायकों को दिए सटीक जवाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** भराड़ीसैंण में चल रहे उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान पशुपालन, दुग्ध विकास और कौशल विकास विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल सदन में उठे। विधायकों ने कौशल विकास, वैश्विक रोजगार योजना और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन से जुड़े सवाल उठाए. इन सवालों का जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने योजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी।

इसी दौरान प्रेमचंद अग्रवाल ने विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर बढ़ते धोखाधड़ी के मामलों को लेकर सवाल उठाया। इस पर मंत्री बहुगुणा ने स्पष्ट किया कि कौशल विकास विभाग के साथ 16 एजेंसियां पंजीकृत हैं। ये सभी विदेश मंत्रालय से सत्यापित हैं. उन्होंने कहा सरकार इस बात का विशेष ध्यान

**■ राज्य में दुग्ध उत्पादन में लगातार हो रही वृद्धिः सौरभ**

रख रही है कि युवाओं के साथ किसी भी तरह की धोखाधड़ी न हो।

प्रश्नकाल के दौरान विधायक बृजभूषण गैरोला ने प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को लेकर सवाल पूछा. इस पर मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया राज्य में दुग्ध उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1957.25 हजार टन दूध का उत्पादन हो रहा है, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 1897.84 हजार टन था. इस प्रकार दुग्ध उत्पादन में लगभग 3.13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया राज्य की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन दूध की उपलब्धता 456 ग्राम है, जो देश के औसत 485 ग्राम के काफी करीब है। राज्य में प्रतिदिन औसत दुग्ध उत्पादन लगभग 53.62 लाख किलोग्राम है, जबकि कुल अनुमा. नित खपत करीब 50.34 लाख किलोग्राम प्रतिदिन है. दुग्ध सहकारी समितियों को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री बहुगुणा ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 2830 दुग्ध सहकारी समितियां संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा गंगा गाय महिला डेरी, साईलेज, दुधारू पशु पोषण, दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन और राज्य पशुधन मिशन जैसी योजनाएं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने बताया आंचल ब्रांड के दूध और उससे बने विभिन्न उत्पादों से वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 399.58 करोड़ रुपये का व्यापार किया गया. अगले वित्तीय वर्ष में इस कारोबार के लगभग 444 करोड़ रुपये तक पहुं. चने की संभावना है।

# किसानों की फसल बचाने को केंद्र से मिले 25 करोड़

**■ सरकार के प्रयास लाए रंग, घेर-बाड़ योजना में फिर से शुरू हुई केंद्र की मदद**

**■ सीएम ने केंद्रीय कृषि मंत्री से की थी बात, बताई थी राज्य की दिक्कत**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** जंगली जानवरों से किसानों की फसल बचाने के लिए राज्य सरकार के प्रयास रंग लाए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बातचीत के बाद घेर-बाड़ योजना के लिए केंद्रीय मदद एक बार फिर से मिलनी शुरू हो गई है। इस क्रम में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 25 करोड़ रूपये की सहायता उत्तराखंड के लिए मंजूर की है।

उत्तराखंड में जंगली जानवरों से किसानों की फसल को नुकसान पहुंच रहा है। इसकी रोकथाम के लिए राज्य सरकार ने घेर बाड़ योजना शुरू की है। तीन वर्ष पहले तक राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत केंद्रीय कृषि मंत्रालय के स्तर पर आर्थिक सहयोग किया जा रहा था। मगर बाद में केंद्रीय सहायता बंद हो गई। किसानों की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिला योजना से घेर बाड़ के लिए मदद उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस योजना में केंद्रीय मदद प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयासरत थे। विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी ने घेर बाड़ योजना के लिए केंद्रीय कृषि मंत्रालय से 25 करोड़ की स्वीकृति मिलने की जानकारी सदन में दी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों गौचर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने सरकार ने इस विषय को रखा था। अब इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्रालय के स्तर पर 25 करोड़ की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में मंत्रालय का पत्र विभाग को प्राप्त हो गया है।

### तीन वर्षों में 2841 हेक्टेयर जमीन की घेर बाड़

राज्य सरकार ने सदन में जानकारी दी कि पिछले तीन वर्षों में जिला योजना से 2841 हेक्टेयर जमीन की घेर बाड़ कराई गई है। इस क्रम में 44 हजार 429 किसान लाभान्वित हुए हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सदन में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में संवेदनशीलता दिखाई है। इस बार के बजट में घेर बाड़ योजना के लिए दस करोड़ का प्रावधान किया गया है।



भराड़ीसैंण ( गैरसैंण ) में विधानसभा बजट सत्र में प्रतिभाग करने के लिए जाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। साथ में हैं पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक किशोर उपाध्याय, महेश जीना, प्रदीप बत्रा व अन्य

# वंशिका संग आज सात फेरे लेंगे कुलदीप यादव

**■ हल्दी और मेहंदी की रस्में हुई पूरी**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसूरी।** पहाड़ों की रानी मसूरी में भारतीय क्रिकेटर कुलदीप यादव की शादी की हल्दी व मेंहदी की रस्म धूमधाम से संपन्न हो गई है । शनिवार को कुलदीप यादव वंशिका के साथ सात फेरे लेंगे। रस्मों में दोनों परिवारों के लोग और करीबी मेहमान शामिल हुए। संगीत और कॉकटेल कार्यक्रम रात को होगा। कुलदीप यादव की शादी को लेकर शहर में भी उत्साह देखा जा रहा है।

शुक्रवार को कुलदीप यादव की शादी की मेंहदी और हल्दी की रस्म होटल सवाय में हुई। हल्दी और मेहंदी की रस्में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुईं।

समारोह में परिवार के सदस्य, रिश्तेदार और करीबी दोस्त मौजूद रहे और शादी की खुशियों में शामिल हुए। इस मौके पर कुलदीप यादव और उनकी दुल्हन वंशिका ने ढोल नगाड़ों के साथ हल्दी और मेंहदी की रस्म के लिए जाते समय खूब डांस किया।

शादी के लिए सवाय होटल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। हल्दी और मेहंदी की रस्मों के दौरान संगीत और पारंपरिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे माहौल बेहद उत्साहपूर्ण बना रहा। दूल्हा बने कुलदीप यादव लाइट गुलाबी कलर के कुर्ता-पायजामा में नजर आए, जबकि दुल्हन बनने जा रहीं वंशिका मेहंदी समारोह में पारंपरिक परिधान में लाइट एवं गहरे गुलाबी कलर की साड़ी पहनकर आकर्षक दिखाई दी।

14 मार्च को कुलदीप यादव और वंशिका सात फेरे लेकर विवाह बंधन में बंधेंगे। शादी समारोह को निजी रखा गया है, जिसमें परिवार और करीबी मेहमानों को ही आमंत्रित किया गया है। शादी के बाद लखनऊ में भव्य रिसेप्शन आयोजित किए जाने की भी तैयारी है। शादी समारोह में मोहित शर्मा, टी दिलीप, रिंकू सिंह यजुवेंद्र चहल सहित अन्य क्रिकेटर समारोह में पहुंचे है ।

साथ ही हल्दी की रस्म के दौरान कुलदीप यादव ने पीले रंग के कुर्ता पायजामा और वंशिका ने पीले कलर की साड़ी पहन रखी थी । इस ढोल नगाड़ों पर उनके मेहमान और दुल्हा -दुल्हन जमकर ठुमके लगाते नजर आए। दोनों परिवारों के सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और समारोह का आनंद लिया।

# अनुशासन और फिटनेस का पाठ पढ़ाने मैदान में उतरे एसएसपी

**■ पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में पुलिस जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एसएसपी ने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों में वर्दी के प्रति दृढ़ता और व्यवहार में अनुशासन का जज्बा भरा।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने खुद जवानों के साथ दौड़ लगाई और अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों की फिजिकल फिटनेस को परखा। उन्होंने जवानों को प्रेरित करते हुए कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए शारीरिक दक्षता अनिवार्य है। परेड के दौरान उन्होंने घुड़सवार दस्ते का भी विशेष निरीक्षण किया। कप्तान ने अश्वों के स्वास्थ्य, खान-पान और उनके रखरखाव के संबंध में जानकारी ली और संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे अश्वों की सेहत का विशेष ध्यान रखें। परेड की समाप्ति के बाद एसएसपी ने पुलिस लाइन परिसर का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जवानों के लिए तैयार किए गए अत्याधुनिक मैस की सफाई व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिए कि मेस में भोजन की गुणवत्ता हमेशा उच्च कोटि की बनी रहनी चाहिए और साप्ताहिक चार्ट के अनुसार ही जवानों को पौष्टिक भोजन परोसा जाए। भ्रमण के दौरान उन्होंने पुलिस लाइन में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस जन-कल्याण से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए और कार्यदायी संस्था से निरंतर समन्वय बनाकर निर्माण की गुणवत्ता को उच्च स्तरीय रखा जाए।

# उत्तराखण्ड के वित्तीय प्रबंधन को राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना: सीएम



**■ विधानसभा सत्र में बोले - नीति आयोग की प्रकाशित फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2026 ( रिपोर्ट 2023-24 ) में उत्तराखण्ड के वित्तीय प्रबंधन की प्रशंसा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गैरसैंण।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में कहा कि उत्तराखण्ड को हाल के वर्षों में वित्तीय प्रबंधन, राजकोषीय अनुशासन तथा सुशासन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी वित्तीय नीतियों, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टि के साथ किए गए कार्यों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

भराड़ीसैण (गैरसैण) में विधानसभा सत्र में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में नीति आयोग द्वारा प्रकाशित फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2026 (रिपोर्ट 2023-24) में उत्तराखण्ड के वित्तीय प्रबंधन की सराहना की गई है। इस रिपोर्ट में उत्तराखण्ड को उत्तर-पूर्वी एवं हिमालयी राज्यों की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि राज्य की राजस्व वृद्धि, व्यय की गुणवत्ता में सुधार, घाटा प्रबंधन तथा ऋण प्रबंधन में अपनाई गई सुदृढ़ नीतियों का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय अनुशासन के क्षेत्र में उत्तराखण्ड ने निरंतर बेहतर प्रदर्शन किया है। अरुण जेटली फाइनेंशियल मैनेजमेंट रिपोर्ट में भी उत्तराखण्ड को विशेष दर्जा प्राप्त हिमालयी राज्यों में अरुणाचल प्रदेश के बाद दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जो राज्य की मजबूत वित्तीय व्यवस्था और उत्तरदायी शासन प्रणाली को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि कैग (महालेखाकार) से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखण्ड सरकार ने फिस्कल रिस्पोंसिबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट एक्ट में निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन किया है। राज्य ने राजस्व अधिशेष की स्थिति को बनाए रखा है तथा राजकोषीय घाटा भी सकल राज्य घरेलू उत्पाद की निर्धारित सीमा के भीतर रखा गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखण्ड को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाते हुए विकास की गति को तेज करना है। इसके लिए सरकार वित्तीय अनुशासन के साथ-साथ बुनियादी ढांचे, सामाजिक क्षेत्र तथा रोजगार सृजन से जुड़े क्षेत्रों में संतुलित निवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए उत्तराखण्ड को आर्थिक रूप से सुदृढ़, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# एलपीजी से जुड़ी समस्याओं के समाधान को कंट्रोल रूम सक्रिय

**■ मुख्यमंत्री के निर्देशन में जिला प्रशासन ने लिया एक्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी गैस से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोलरूम सक्रिय है। जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल के निर्देशों जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपातकाल. ीन परिचालन केन्द्र में संचालित कंट्रोलरूम में नागरिकों की एलपीजी गैस सम्बन्धी शिकायतों/समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध कार्यवाही की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा प्रसारित 1077, 0135-2626066, 2726066 और व्हाट्सएप नंबर 7534826066 के माध्यम से 05 बजे तक कुल 405 शिकायतें एलपीजी गैस की आपूर्ति के सम्बन्ध में दर्ज हुई है, वही कंट्रोल रूम में मौजूद जिला खाद्य पूर्ति विभाग, देहरादून में सप्लाई कर रही एलपीजी गैस के सभी एजेंसियों के प्रतिनिधित्व और जिला प्रशासन की टीम द्वारा लगातार आ रही एलपीजी गैस की आपूर्ति, सिलेंडर उपलब्धता या अन्य किसी प्रकार की समस्या को लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिलें में एलपीजी गैस की मांग अनुसार आपूर्ति किये जाने हेतु लोड बढा दिए गए हैं, कल से बैकलॉग में कमी आयेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कन्ट्रोल रूम में आई०ओ०सी०एल०, एच०पी०स. ी०एल० व बी०पी०सी०एल० द्वारा अपने प्रतिनिधि नामित किये जायेंगे, यह समस्त अधिकारी निर्धारित प्रारूप में सूचना के साथ प्रत्येक दिवस को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक आपदा कन्ट्रोलरूम में उपस्थित रहेंगे।

# खुशखबरी: अल्मोड़ा में खुलेगा लैंग्वेज ट्रेनिंग सेंटर

**■ सदन में की गई घोषणा**

**■ वर्तमान में सिर्फ देहरादून में है सेंटर, वर्ष 2023 से हुई शुरूआत**

**■ सरकार की योजना से 92 युवाओं को विदेशों में मिली है नौकरी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** विदेशी भाषाएं सीखकर विभिन्न देशों में नौकरी करने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने अल्मोड़ा में लैंग्वेज ट्रेनिंग सेंटर खोलने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के अंतर्गत वर्तमान में सिर्फ एक सेंटर है। यह सेंटर वर्ष 2023 से देहरादून में संचा. लित है। अल्मोड़ा में सेंटर खुलने के बाद इस तरह के सेंटरों की प्रदेश में संख्या दो हो जाएगी।

राज्य सरकार ने वर्ष 2023 से मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना को शुरू किया है। इसके अंतर्गत देहरादून में पहला लैंग्वेज ट्रेनिंग सेंटर खोला गया है, जिसमें विभिन्न भाषाओं का बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और यहीं से उनकी नौकरी की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभाग को निर्देश दिए हैं कि इन सेंटरों की संख्या बढ़ाई जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को इसका लाभ मिल सके। शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सरकार की ओर से अल्मोड़ा में लैंग्वेज ट्रेनिंग सेंटर खोलने की घोषणा की।

### कौशल विकास: व्यवस्था और अवसर

| | |
|---|---|
| 147 | बच्चों को अभी तक दिया गया विदेशी भाषा का प्रशिक्षण |
| 92 | बच्चों की विभिन्न देशों में अभी तक लग चुकी है नौकरी |
| 08 | से 10 माह का बच्चों को दिया जाता है सेंटर में प्रशिक्षण |
| 16 | अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से दिया जा रहा है प्रशिक्षण |
| 10 | और बच्चों के लिए सऊदी अरब में है नौकरी का प्रस्ताव |

### बच्चों की ट्रेनिंग पर सीएम गंभीर, बजट बढ़ाया

इस योजना में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को लाभ पहुंचाने को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काफी गंभीर है। यही वजह है कि इस योजना में ट्रेनिंग का जो बजट सिर्फ 75 लाख रूपये का था, उसे इस बार 3.3 करोड़ रूपये कर दिया गया है। कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मुख्यमंत्री की सकारात्मक सोच के चलते अब और ज्यादा बच्चों को ट्रेनिंग का लाभ मिल पाएगा।

### सऊदी अरब में सेवारत 30 बच्चे सुरक्षित

पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात के बीच राज्य सरकार उन लोगों की भी पूरी चिंता कर रही है, जिन्हें इस योजना के माध्यम से विदेशों में नौकरी मिली है। सदन में कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि सऊदी अरब में सेवारत लोगों से बात हुई है और वे पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

# जिला प्रशासन ने थामी बेसहारा मीना और अमृता की राह

**■ 2 लाख की आर्थिक मदद से संवरेगा 7 बच्चों का भविष्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जनपद में असहाय, पीड़ित एवं जरूरतमंद नागरिकों की सहायता के लिए जिला प्रशासन निरंतर संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने विपरीत परिस्थितियों से जूझ रही दो महिलाओं, मीना ठाकुर और अमृता जोशी की पीड़ा को समझते हुए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएसआर फंड से दोनों महिलाओं को 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है।सुद्दोवाला निवासी मीना ठाकुर ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी पीड़ा साझा की थी। उन्होंने बताया कि उनके पति पिछले आठ वर्षों से लापता हैं। मीना पर अपनी चार बेटियों और एक बेटे के लालन-पालन की पूरी जिम्मेदारी है, जिनमें से दो बेटियां दिव्यांग हैं। किराए के मकान में रहकर गुजर-बसर कर रही मीना के लिए बच्चों की शिक्षा और दिव्यांग बेटी के इलाज का खर्च उठाना चुनौती बन गया था। डीएम ने मामले की जांच उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी से कराई और तत्काल एक लाख रुपये की मदद मंजूर की। साथ ही श्प्रोजेक्ट नंदा-सुनंदाश के माध्यम से मीना की तीन बेटियों की शिक्षा को पुनर्जीवित करने और दिव्यांग बेटियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश समाज कल्याण अधिकारी को दिए हैं।एक अन्य प्रकरण खुड़बुड़ा क्षेत्र की निवासी अमृता जोशी का है। परित्यक्ता अमृता दूसरों के घरों में चूल्हा-चौका कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही थीं। उनका बड़ा बेटा मानसिक विकार से ग्रस्त है, जिसके उपचार के कारण वह भारी आर्थिक तंगी में थीं। हालत यह थी कि स्कूल की फीस न भरने के कारण छोटे बेटे को स्कूल से निकाल दिया गया।

# आगामी चारधाम यात्रा को लेकर हुई अहम बैठक, सम्बन्धितों को दिए जरूरी निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में जिलाधिकरी नितिका खण्डेलवाल ने आगामी चारधाम यात्रा को लेकर सभी सम्बन्धित विभागों की बैठक ली तथा आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने सभी विभागाध्यक्षो को अगले 15 दिनों में अपने अपने विभागीय सम्बन्धी कार्य स्थलों का निरीक्षण कर जो भी आवश्यकता है उसे समयान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को चार धाम यात्रा रूट पर एम्बुलेंस, स्वास्थ्य उपकरणों, दवा, अस्पतालों की साफ सफाई करने, सभी एम्बुलेंस एआरटीओ से चेक कराने, सभी अस्पताल/स्वास्थ्य केन्द्रों पर डॉक्टर और अन्य कार्मिक तैनात रहेंगे ड्यूटी से नदारद न रहें इसकी व्यवस्था पहले ही सुनिश्चित की जाए ।



पेयजल विभाग को सभी हैण्डपम्पों की चेकिंग कर रंग रोगन करने तथा पेयजल की टंकियों की साफ सफाई सम्बंधी, लोनिवि व एनएच के अधिकारियों को सड़क से मलबा हटाने, साईन बोर्ड लगाने, टूटे हुए पैराफिटो को ठीक करने, तथा जेसीबी सहित अन्य मशीने तैनात करने, पूर्ति व खादय अभिहित विभाग को दुकानों, होटल, ढाबा पर रेट लिस्ट चस्पा कराने, सैंपिलिंग करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने, विद्युत विभाग को विद्युत सम्बन्धी सभी चेकिंग/तैयारियों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े एसडीएम नरेंद्र नगर आशीष घिल्डियाल को नगर पालि. का क्षेत्र मुनीकीरेति एवं नगर पंचायत तपोवन क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था दुरस्त करने, सीओ नरेन्द्रनगर के साथ मिलकर टैक्सी, राफ्टिंग, होटल के एसोसिएसनो से बैठक कर व्यवस्थाओ को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के शौचालयों की पूर्ण व्यवस्था मोबा. इल शौचालयों, सुलभ शौचालयों पर सभी आवश्यक व्यस्था नगर पालिका/नगर पंचायत से करवाने सम्बन्धी निर्देश दिए। इसी क्षेत्र में जो व्यक्तिगत पानी के टैंकर्स चलते है वे किसी स्थान से पानी ला रहा ये इसकी जानकारी व यात्रा सीजन में टैंकर्सो के आवागमन हेतु टाइमिंग बताने सम्बन्धी कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि चारधाम यात्रा के मध्यनजर पुलिस बल की पूर्ण व्यवस्था है जो विभिन्न स्थानों में अपना दायित्व निभाएंगे। बैठक में एआरटीओ को निर्देश दिए कि यात्रा सीजन में स्थानीय लोगों को आवागमन में कोई दिक्कत न वाहनों की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। बैठक में एआरटीओ ने बताया कि 01 अप्रैल से सभी चेक पोस्ट कार्य करने लग जायेंगे। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता मनोज बिष्ट, डॉ जितेन्द्र भण्डारी, एआरटीओ सतेन्द्रराज, डीएसओ मनोज कुमार डोभाल, खाद्य अभिहित अधिकारी अधिशासी अभियंता लोनिवि योगेश कुमार व विधुत अमित आनन्द, जल संस्थान प्रशान्त भारद्वाज सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कलयुग में शिव,वाराणसी छोड़ उत्तरकाशी में देंगे भक्तो को दर्शन

**उत्तरकाशी:** उत्तरकाशी में हर वर्ष की भांति इस बार 17 मार्च को होने वाली पंचकोसी यात्रा के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह है। यह यात्रा वरूणावत पर्वत की पैदल यात्रा है, जो बड़ेथी से शुरू होकर गंगोरी में समाप्त होती है।इस यात्रा में सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी करने पहुंचते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप यात्रा का शुभारंभ चौत्र मास के कृष्ण पक्ष की त्रियोदशी के शुभ मुहुर्त पर होती है। इस ष्पंचकोसीष यात्रा का उल्लेख स्कंद पुराण में मिलता है कि ष्कलयुग में शिव वाराणसी छोड़कर उत्तरकाशी (सौम्यकाशी) में भक्तों को दर्शन देंगे और पूर्व कोशी के समान हीउत्तरकाशी में भी हर वर्ष वरूणावत पर्वत को महातीर्थ मानते हुए इसकी पैदल यात्रा पर श्रद्धालु पुण्य प्राप्त करते हैं।

## बेलनी टनल के पास जंगल में भीषण आग, फायर सर्विस की तत्परता से टली बड़ी जनहानि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद मुख्यालय के निकट बेलनी स्थित नवनिर्मित टनल और कलेक्ट्रेट तिराहा के मध्य जंगलों में देर रात अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें तेजी से फैलते हुए ऊपरी हिस्सों की ओर बढ़ने लगीं, जिससे आसपास के ग्राम बेला और बेलनी की आवासीय बस्तियों पर खतरा मंडराने लगा।

सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से फायर स्टेशन रुद्रप्रयाग की टीम को अलर्ट किया गया। फायर सर्विस की यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची और बिना समय गंवाए रेस्क्यू व अग्निशमन अभियान शुरू कर दिया। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि आग सड़क के निचले हिस्से से शुरू होकर तेज हवा के कारण तेजी से ऊपर की ओर फैल रही थी। आग की भयावह स्थिति को देखते हुए मौके पर दो फायर यूनिट (एमएफई और अतिरिक्त फायर टेंडर) तैनात किए गए।

दुर्गम पहाड़ी परिस्थितियों के बावजूद फायर कर्मियों ने हौज पाइप और होजरील की सहायता से लगातार पंपिंग कर आग की घेरा. बंदी की। बीच-बीच में पानी समाप्त होने पर टीम द्वारा टैंकरों की रिफिलिंग कर दोबारा मोर्चा संभाला गया।

कई घंटे तक चले अभियान के बाद देर रात आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। फायर सर्विस की त्वरित और तकनीकी कार्रवाई के चलते वनाग्नि को रिहायशी इलाकों तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया गया, जिससे एक बड़ी संभावित क्षति टल गई। फिलहाल, स्थिति सामान्य बताई जा रही है और अग्निशमन दल द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# केदारनाथ यात्रा की तैयारियों में जुटा पशुपालन विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर पशुपालन विभाग इन दिनों पूरी तरह सक्रिय हो गया है। यात्रा में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के फिटनेस प्रमाणपत्र, माइक्रोचिपिंग, टैगिंग, रक्त सैंपलिंग, पशु बीमा एवं पंजीकरण के लिए विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाए जा रहे हैं। विभाग की ओर से कैंपों के प्रथम चरण का कार्य जारी है।

अब तक करीब 1500 घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण किया जा चुका है, जबकि लगभग सात हजार पशुओं का पंजीकरण अभी शेष है। पशुपालन विभाग की टीमें विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर पशु संचालकों के घोड़े-खच्चरों की जांच और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर रही हैं। विभाग का दावा है कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण कर लिया जाएगा।



केदारनाथ यात्रा में घोड़े-खच्चरों की अहम भूमिका होती है। लगभग 19 किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई वाले पैदल मार्ग पर बड़ी संख्या में तीर्थयात्री इनका उपयोग करते हैं। इसके अलावा केदारनाथ धाम तक राशन सहित अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति भी इन्हीं पशुओं के माध्यम से होती है। इसी को देखते हुए पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं की फिटनेस जांच, माइक्रोचिपिंग, टैगिंग, रक्त सैंपलिंग, पशु बीमा और पंजीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से कराई जा रही है। इस कार्य में जिला पंचायत भी विभाग के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### बीमा नहीं कराने पर पिछले साल आई थी परेशानी: डॉ. गोयल

रुद्रप्रयाग। पिछले वर्ष सैकड़ों घोड़े-खच्चरों का बीमा नहीं कराया गया था। ऐसे में पशुओं की मौत होने पर संचालकों ने मुआवजे की मांग की, जिससे कई तरह की परेशानियां सामने आई। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि इस बार पशु संचालकों से पशु की कीमत का लगभग पांच प्रतिशत बीमा प्रीमियम लिया जा रहा है। कुछ स्थानों पर पशु संचालकों ने बीमा को लेकर आपत्ति भी जताई है, लेकिन केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बीमारी, दुर्घटना या अन्य कारणों से पशुओं की मौत होने की स्थिति में संचालकों को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए बीमा जरूरी है। उन्होंने बताया कि बीमा की राशि करीब 3500 रुपये ली जा रही है, जिससे पशु संचालकों को कोई नुकसान नहीं होगा।

### इन स्थानों पर लगाए जाएंगे शिविर

रुद्रप्रयाग। पशुपालन विभाग की ओर से आगामी दिनों में विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। 14 मार्च को नागजगई और जालमल्ला तथा 15 मार्च को कालीमठ और जाखधार में कैंप लगाए जाएंगे। इन शिविरों में घोड़े-खच्चरों का फिटनेस प्रमाणपत्र, माइक्रोचिपिंग, टैगिंग, रक्त सैंपलिंग, पशु बीमा और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## रुद्रप्रयाग जनपद में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने विकास भवन सभागार में जिला पूर्ति विभाग तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत कर जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, आपूर्ति तथा वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में घरेलू एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और इसकी आपूर्ति पूरी तरह सुचारु रूप से जारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा सभी गैस एजेंसियां निर्धारित मानकों के अनुरूप ही उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने जिला पूर्ति विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या जमाखोरी को लेकर गंभीरता से लिया जाए। इसके लिए पूर्ति विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीमों का गठन कर नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी या कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किए जाएं। जिला प्रशासन की ओर से उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या आशंकाओं से बचें तथा घबराहट में आकर अनावश्यक गैस बुकिंग न करें।

**एक नजर .......**

## डीएम बोलीं, एलपीजी सिलेन्डर की जनपद में कोई कमी नहीं

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाला ने जनपद के सभी एलपीजी उपभोक्ताओं से अपील की है कि जनपद भर में एलपीजी का कोई कमी नहीं है हड़बड़ाहट करने की आवश्यकता नहीं जितना कोटा जनपद का है उतना मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नयी गाईड लाईन के अनुसार पहले 21 दिन में गैस सिलेंडर की बुकिंग होती थी वे अब 25 दिन के बाद होगी । उन्होंने सभी से नयी गाईड लाईन का पालन करने की अपील की । उन्होंने कहा कि यदि ऑनलाइन बुकिंग करने में कोई दिक्कत आ रही है तो गैस एजेंसी में जाकर ऑफलाइन बुकिंग करा सकते हैं, इसके उपरांत आपके स्थान / गांवों में मार्केट में जहां पर पूर्व में आपको गैस सिलेंडर मिलता था संबंधित एजेंसी द्वारा सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक उपभोक्ता को सिलेण्डर उपलब्ध कराया जाएगा।

## महाविद्यालय में आयोजित हुई क्विज प्रतियोगिता



**नई टिहरी।** राजकीय महाविद्यालय, खाड़ी में नमामि गंगे समिति की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय नदियों, विशेषकर गंगा नदी के संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरणीय महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।शुक्रवार को प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी के विभिन्न चरणों में प्रतिभागियों ने भारतीय नदियों, गंगा संरक्षण अभियान, पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी ज्ञान क्षमता का परिचय दिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुषी ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि मीनाक्षी और विपिन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राध्यापक डा. ईरा सिंह, डा. संगीता बिजल्वाण जोशी, डा. मीनाक्षी, डा. मीना और रघुवीर सहित नमामि गंगे समिति के अन्य पदाधिकारी व कार्यालय सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए गंगा तथा अन्य नदियों के संरक्षण, स्वच्छता और सतत जल प्रबंधन की आवश्यकता की जानकारी दी।

## पंचायत प्रतिनिधियों का 16 मार्च को आयोजित होगा सम्मेलन

**नई टिहरी।** टिहरी जिले वर्तमान एवं पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों का 16 मार्च को जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन सभागार में सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जोत सिंह बिष्ट ने बताया कि सम्मेलन में वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों का सम्मान से लेकर आगामी समय में शुरू हो रही जनगणना पर मंथन,परिसीमन,गांव के समग्र विकास,पंचायतों के सशक्तिकरण से लेकर अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जनप्रतिनिधि अपने अनुभव साझा करेंगे। बताया कि जिले में पहली बार इस तरह का सम्मेलन हो रहा है। इस सम्मेलन से जहां नए-पुराने लोगों को आपस में मिलने का अवसर मिलेगा,वहीं गांव के विकास,परिसीमन,जनगणना पर भी संवाद होगा।

## हाईवे पर पलटी कार, चालक को पुलिस ने सुरक्षित निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बद्रीनाथ हाईवे पर आज सुबह रतूड़ा के पास एक वाहन पलट गया। सड़क सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रति सजगता दिखाते हुए रुद्रप्रयाग पुलिस ने दुर्घटना में त्वरित कार्रवाई कर वाहन चालक को सुरक्षित रेस्क्यू किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को चौकी घोलतीर क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टाटा टियागो कार संख्या यूके 07 एफके 5694 अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी घोलतीर जयवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।

**■ रुद्रप्रयाग पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा, क्रेन से हटवाया जा रहा दुर्घटनाग्रस्त वाहन**

चालक की पहचान राजेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र स्व. भगवान सिंह बिष्ट निवासी सिलोडी, नारायणबगड़, जिला चमोली के रूप में हुई है। चालक ने बताया कि वह ऋषिकेश से नारायणबगड़ की ओर जा रहे थे, तभी वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

पुलिस की त्वरित सक्रियता के चलते चालक पूरी तरह सुरक्षित है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाने के लिए क्रेन मंगवाई गई है, जिसके माध्यम से वाहन को सड़क से हटाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि पर्वतीय मार्गों पर वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें और पूरी सावधानी बरतें। आपकी सतर्कता ही आपके सफर को सुरक्षित बना सकती है।

# युवा संसद में गूंजी लोकतंत्र की आवाज

**■ लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका की प्रासंगिकता : बलूनी**

चिरंजीव सेमवाल

उत्तरकाशी। रामचंद्र उनियाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उत्तरक. ाशी के प्रेक्षागृह में "मेरा युवा भारत, उत्तरकाशी" तथा भारत सरकार के खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में जनपदीय युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था ख्र "आपातकाल के 50 वर्ष : भारतीय लोकतंत्र के लिए एक सबक।" इस प्रतियोगिता में उत्तरकाशी जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से 91 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि मुख्य डी. पी. बलूनी प्रभागीय वनाधिकारी उत्तरकाशी ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।



इस दौरान महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मधु थपलियाल ने नेतृत्व के गुणों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को अध्ययनशील रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य डी. पी. बलूनी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त कर युवाओं को गंभीर अध्ययन की आदत विकसित करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। विपक्ष सरकार की नीतियों और कार्यों की आलोचना करता है, जिससे सरकार को अपने निर्णयों की पुन: समीक्षा करने और उन्हें सुधारने का अवसर मिलता है। इतना ही नहीं विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है, जिससे सरकार अपने कार्यों के लिए जिम्मेदार होती है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ भगवान नौटियाल, कुलपति श्रीमति मंजीरा देवी शिक्षण संस्थान, ने युवाओं को सरकार द्वारा संचालित रोजगार योजनाओं का लाभ उठाकर स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात आशीष पंत, जिला नेहरू युवा केंद्र, ने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के नियमों की जानकारी व प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान स्वाति नौटियाल,
अवधेश नौटियाल ,नेहा रावत
साहिल (मंजीरा देवी)
सौरभ बिगवान (राम चंद्र उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी) च्वंजपलवहपजं उम अपरंपप तीम.

। इस अवसर पर श्रीमती बबीता शाह (बाल विकास अधिकारी, डुंडा), प्रताप सिंह बिष्ट , डॉ. विनीत कोहली , डॉ. रिचा बधानी(संयोजक), डॉ. नेहा गोस्वामी, डॉ. , महाविद्यालय, उत्तरकाशी के समस्त प्राध्यापक, छात्र-छात्राएँ तथा छात्रसंघ के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. ममता ध्यानी एवं सोहनपाल ने किया।

# थराली को कब मिलेगी जाम से निजात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली** मुख्य बाजार में लंबे समय से लग रहे जाम से लोगों को निजात नहीं मिल पा रहा है। मुख्य बाजार में सड़कों के किनारे आड़े-तिरछे खड़े वाहनों के कारण लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए पीआरडी के जवान तैनात किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद ट्रैफिक व्यवस्था में खास सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। इन दिनों एक और विधानसभा सत्र चल रहा है, जिसके चलते पुलिस भी वहां व्यस्त है।

इधर थराली-देवाल मोटर मार्ग पर थराली मुख्य बाजार और मस्जिद मार्केट के आसपास सड़कों के किनारे खड़े आड़े-तिरछे वाहनों के कारण लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है।



नगर क्षेत्र में छोटे - बड़े वाहनों के लिए किसी भी प्रकार की पार्किंग व्यवस्था नहीं है। ऐसे में वाहन स्वामी अपने छोटे-बड़े वाहन बाजार में ही खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और लंबा जाम लग जाता है।

लंबे समय से थराली नगर क्षेत्र में पार्किंग की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक नगर पंचायत की ओर से कोई पार्किंग स्थल नहीं बनाया गया है। इसके कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को सड़क पर रेंग - रेंग कर निकलना पड़ता है।

थराली में पार्किंग की समस्या सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। सड़कें पहले से ही संकरी हैं और ऐसे में मनमाने तरीके से सड़कों पर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। दोपहर के समय स्कूली बच्चों को भी इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

फिलहाल ट्रैफिक व्यवस्था में पीआरडी के जवान तैनात हैं, लेकिन जाम की समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है।

## मशरूम उत्पादन से बदल रही ग्रामीण महिलाओं की तकदीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखंड जखोली के ग्राम भटवाड़ी की श्रीमती माया देवी आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी हैं। मशरूम उत्पादन के माध्यम से उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया है।

सरकारी योजनाओं के तहत उन्हें तीन लाख रुपये के व्यक्तिगत उद्यम से जोड़ा गया। इस परियोजना में 75 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई, जबकि 1 लाख 50 हजार रुपये का बैंक ऋण लिया गया और 75 हजार रुपये का अंश स्वयं लाभार्थी द्वारा लगाया गया। इस आर्थिक सहयोग से माया देवी ने मशरूम उत्पादन का कार्य शुरू किया, जो आज सफल उद्यम के रूप में स्थापित हो चुका है।

माया देवी वर्तमान में स्थानीय बाजारों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी मशरूम की आपूर्ति कर रही हैं। इस कार्य से वह प्रतिमाह लगभग 12 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में उनकी सफलता अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है।मुख्य विकास अधिकारी रुद्रप्रयाग राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन जैसे छोटे लेकिन प्रभावी उद्यम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## घरेलू गैस की दिक्कत के चलते चूल्हे पर खाना बनाकर विरोध करते महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** महिला कांग्रेस कमेटी ने लगातार बढ़ती घरेलू गैस की किल्लत को लेकर बौराड़ी में प्रदर्शन किया। वहीं, पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र सरकार दबाव में काम कर रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के इशारों पर नाचकर देश के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

शुक्रवार को महिला कांग्रेस कमेटी ने घरेलू गैस की किल्लत को लेकर बौराड़ी में चूल्हे पर खाना बनाते हुए गैस सिलेंडर सिर पर रखकर प्रदर्शन किया। कहा कि केंद्र सरकार की नीति के चलते यह परेशानी लोगों को उठानी पड़ रही है। प्रदर्शन के बाद पत्रकारों से बात. चीत में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत और पूर्व नई टिहरी पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली



ने कहा कि देश में अव्यवस्थाओं के हाल देश के पीएम के दबाव में आने के कारण हो रहे हैं। एप्सटिन फाइल को लेकर ट्रंप के दबाव में विदेश नीति को खराब करने का काम किया जा रहा है, साथ ही केंद्र सरकार की कमजोरी के कारण हमारे नीतियों में ट्रंप का हस्तक्षेप हो रहा है।

आज अमेरिका तय कर रहा है कि हम कहां से तेल खरीदेंगे, कहां से नहीं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जिससे देश के लोग महंगा तेल व गैस खरीदने को मजबूर हैं। घरेलू गैस की कीमत में 60 रूपये की बढ़ोत्तरी कर महिलाओं की रसोई का बजट भी बिगाड़ने का काम किया गया है। इस मौके पर महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष सगुफ्ता प्रवीन, लक्ष्मी रावत, अनिता शाह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।बनाकर प्रदर्शन करतीं महिला कांग्रेस कार्यकर्ता।

# गणेशपुर में अवैध प्लॉटिंग पर चला एमडीडीए का बुलडोजर

## प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** देहरादून में अनियोजित विकास और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ा अभियान चलाया। प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों और अवैध लॉटिंग के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत शुक्रवार को गणेशपुर, शिमला बाईपास रोड क्षेत्र में व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया।एमडीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब 20 से 30 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को चिन्हित किया और जेसीबी मशीनों की मदद से उसे ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण को लगातार मिल रही शिकायतों और जांच के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई। प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार गणेशपुर क्षेत्र में इन्द्रजीत, अरुण पाल और विकास नामक व्यक्तियों द्वारा बड़े



पैमाने पर बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के भूमि का विकास किया जा रहा था। संबंधित व्यक्तियों ने भूमि को छोटे-छोटे प्लॉटों में विभाजित कर उसे बेचने की तैयारी कर ली थी। बताया गया कि इस पूरी प्लॉटिंग में न तो प्राधिकरण से लेआउट स्वीकृत कराया गया था और न ही किसी प्रकार की आवश्यक अनुमति ली गई थी।

मामले की शिकायत मिलने के बाद एमडीडीए की टीम ने मौके पर निरीक्षण किया, जिसमें अवैध प्लॉटिंग की पुष्टि हुई। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण का अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बनाए गए रास्तों, प्लॉटों की सीमांकन दीवारों तथा अन्य संरचनाओं को जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों की टीम के साथ स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

एमडीडीए की इस कार्रवाई से अवैध रूप से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

### कोई भी जमीन या प्लॉट को खरीदने से पहले प्राधिकरण से लें पूरी जानकारी: तिवारी



एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गणेशपुर, शिमला बाईपास रोड क्षेत्र में लगभग 20 से 30 बीघा भूमि पर बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के प्लॉटिंग की जा रही थी, जिसे चिन्हित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। बंशीधर तिवारी ने कहा कि देहरादून के सुनियोजित और व्यवस्थित विकास के लिए यह बेहद जरूरी है कि सभी निर्माण और भूमि विकास कार्य प्राधिकरण के नियमों के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने या प्लॉटिंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि किसी भी जमीन या प्लॉट को खरीदने से पहले उसकी वैधता, भू-उपयोग और प्राधिकरण से स्वीकृति की पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रखी जा रही लगातार निगरानी: बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि गणेशपुर क्षेत्र में बिना स्वीकृति की जा रही अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और जहां भी अवैध प्लॉटिंग या निर्माण की सूचना मिलती है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अवैध प्लॉटिंग में निवेश करने से पहले उसकी वैधता की पूरी जांच अवश्य करें। यदि किसी क्षेत्र में अवैध निर्माण या प्लॉटिंग की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना एमडीडीए को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि देहरादून शहर तेजी से विस्तार कर रहा है और इस दौरान कई स्थानों पर बिना अनुमति के कॉलोनियां विकसित करने की को. शिशें भी सामने आ रही हैं। ऐसी अवैध प्लॉटिंग से न केवल शहर का सुनियोजित विकास प्रभावित होता है बल्कि भविष्य में वहां रहने वाले लोगों को भी मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ता है। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग या कॉलोनी विकसित करना पूरी तरह अवैध है और ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पशु रोगों के निदान के लिए पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पशु चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से बदलती तकनीकों और बीमारियों के प्रभावी नियंत्रण के लिए उत्तराखंड राज्य पशुचिकित्सा परिषद, देहरादून द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। परिषद द्वारा पशुपालन विभाग में कार्यरत 30 फार्मेसी अधिकारियों के लिए ष्लेबोरेटरी टेक्निक्स फॉर डिजीज डायग्नोसिस एंड आउटब्रेक मैनेजमेंटष विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग के निदेशक डॉ. उदय शंकर, अपर निदेशक (गढ़वाल मंडल) डॉ. भूपेंद्र सिंह जगपागी और परिषद के अध्यक्ष डॉ. कैलाश उनियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सतीश जोशी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की रूपरेखा और इसके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ डॉ. आलोक खंडूरी और डॉ. प्रीति पंत ने फार्मेसी

**■ फार्मेसी अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण**

अधिकारियों को पशुओं में होने वाली बीमारियों के त्वरित निदान की नवीनतम तकनीकों और लैब प्रबंधन के गुर सिखाए। विशेषज्ञों ने बताया कि फील्ड स्तर पर बीमा. रियों की जल्द पहचान से न केवल पशुओं की जान बचाई जा सकती है, बल्कि किसी भी महामारी (आउटब्रेक) को फैलने से रोका जा सकता है।

पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. उदय शंकर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे यहाँ सीखे गए कौशल का उपयोग फील्ड में करें, ताकि पशुपालकों को उच्च स्तरीय और त्वरित चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. प्रलयकर नाथ ने बताया कि विभाग फार्मेसी अधिकारियों के कौशल विकास के लिए विशेष प्रयास कर रहा है, ताकि वे आधुनिक चुनौतियों से निपटने में सक्षम हों।

# पीएम किसान की 22वीं किस्त जारी उत्तराखंड के आठ लाख किसान लाभान्वित

**■ उत्तराखण्ड के आठ लाख से अधिक पात्र किसान लाभार्थियों के खातों में 163.14 करोड़ की धनराशि हस्तांतरित**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशभर के 9.32 करोड़ से अधिक किसानों को घ18,640 करोड़ की सम्मान राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की।

शुक्रवार को देहरादून के जौलीग्रांट स्थित राज्य अतिथि गृह में प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया।



इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के अंतर्गत उत्तराखण्ड के 8 लाख 04 हजार से अधिक पात्र किसान लाभार्थियों को कुल घ163. 14 करोड़ की धनराशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि अब तक जारी 22 किश्तों के माध्यम से प्रदेश के किसानों को कुल घ36,209.14 करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जा चुकी है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आर्थिक सुरक्षा का एक मजबूत आधार बनकर उभरी है, जिससे छोटे एवं सीमांत किसानों को खेती-किसानी में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार भी केंद्र सरकार के सहयोग से किसानों के हित में अनेक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है, जिससे प्रदेश के किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से किसानों के जीवन स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव, महानिदेशक कृषि एवं उद्यान वंदना सिंह, कृषकगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीबीएस की छात्राओं का एनएसएस शिविर प्रारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** डीबीएस (पीजी) कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की दो यूनिटों 19 एवं 20 की 100 छात्राओं का संयुक्त सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर रायपुर स्थित वैदिक साधन आश्रम तपोवन नालापानी में आरम्भ हो गया। शि. विर का उद्घाटन मुख्य अतिथि यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के मुख्य आपदा प्रबंधन अधिकारी रक्तदाता शिरा. मणि डॉव अनिल वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष वैदिक साधन आश्रम के सचिव चीफ इंजीनियर प्रेम प्रकाश शर्मा, शिविर अध्यक्ष व डीबीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) अनिल पाल, शिविर संयोजिकाओं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ शीतल कन्नौजिया तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ बरखा कमल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष ईव प्रेम प्रकाश शर्मा ने मुख्य अतिथि रक्तदाता शिरोमणि डॉव अनिल




**■ एनएसएस बनाता है युवाओं की ऊर्जा को सृजनात्मक: डॉ. अनिल वर्मा**

वर्मा का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

शिविरार्थी छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डॉ वर्मा ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य शिक्षित युवाओं की ऊर्जा को सृजनात्मक और रचनात्मक सामाजिक कार्यों में प्रवृत करना है। युवा अपार ऊर्जा और उत्साह से भरे होते हैं। यह ऊर्जा सही दिशा में लगने से रचनात्मक लेकिन दिशाहीन होने पर ष्जेन जीष जैसी बहुत विध्वंसात्मक बन जाती है। उन्होंने छात्राओं से उनके द्वारा शिविर के दौरान आपदा प्रबंधन, अग्नि शमन तथा प्राथमिक चिकित्सा सहित अन्य अति महत्वपूर्ण विषयों पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण को संजी. दगी से ग्रहण करने का अनुरोध किया।

# पुलिस का एक्शन, प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' विजन को साकार करने के लिए देहरादून पुलिस नशे के सौदागरों पर लगातार शिकंजा कस रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत क्लेमेंटाउन थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को भारी मात्रा में प्रति. बंधित दवाओं के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 12 मार्च की रात क्लेमेंटाउन थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि झील तिराहे के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और

**■ एसएसपी के निर्देश पर चलाया सघन चेकिंग अभियान**

गुल्फाम अली उर्फ पीटर (48 वर्ष) पुत्र अमीर अहमद, निवासी बड़ा

भारुवाला को हिरासत में लिया।आरोपी इन दवाओं को अवैध रूप से बेचने की फिराक में था। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ थाना क्लेमेंटाउन में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उप-निरीक्षक गिरीश चन्द्र बडोनी, कांस्टेबल पवन कुमार और कांस्टेबल असजद अली शामिल रहे।

# उत्तरकाशी में एलपीजी गैस की जमाखोरी पर कार्रवाई

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद में एलपीजी गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिला पूर्ति अधिकारी उत्तरकाशी आशीष



कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों और पूर्ति निरीक्षकों की तीन टीमें बनाकर उत्तरकाशी मुख्यालय से मातली तक कुल 42 सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, होटल, और ढाबों का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में कुल 27 घरेलू गैस सिलेण्डर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर उपयोग करते हुए पकड़े गए। इनमें से 08 घरेलू गैस सिलेण्डरों के चालान का भुगतान जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत दर रू0 2200 / नग अदायगी के साथ कुल (08X2200=17600 रू०) धनराशि सत्रह हजार छः सौ रूपये शासन के पक्ष में जमा कराये जाने हेतु प्राप्त किये गये। शेष 19 घरेलू गैस सिलेण्डरों को गोदाम प्रभारी, राजकीय अन्न भण्डार ज्ञानसू की अभिरक्षा में रखा गया है।जिलाधिकारी ने आम जनमानस से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार से गैस व ईंधन की जमाखोरी की स्थिति उत्पन्न न करें और शासन द्वारा निर्गत नियमों का अनुपालन करें।

# स्मार्ट मॉर्निंग न्यूट्रीशन की शक्ति से अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाएं: शीला

देहरादून। मौसम बदलने के समय मौसमी वायरल संक्रमण अक्सर बढ़ जाते हैं, इसलिए अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना बहुत जरूरी हो जाता है। सर्दी, फ्लू और अन्य सांस से जुड़ी बीमारियां ऐसे मौसम में तेजी से फैलती हैं। इसलिए दिन की शुरुआत से ही शरीर को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देना फायदेमंद होता है। एक संतुलित सुबह की दिनचर्या आपकी इम्यूनिटी को सही तरह से काम करने के लिए जरूरी आधार देती है। सुबह के भोजन में बादाम, अंडे, खट्टे फल, फर्मेंटेड फूड्स और साबुत अनाज जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करने से शरीर को ऊर्जा और जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्व मिलते हैं। ये पोषक तत्व इम्यूनिटी को मजबूत बनाने और शरीर में सूजन कम करने में मदद करते हैं। यहां सुबह के भोजन में शामिल करने के लिए चार आसान विकल्प दिए गए हैं।इन खाद्य पदार्थों को अपने सुबह के आहार में शामिल करना मौसमी बीमारियों के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट**
**CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867**

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 798/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 28.02.2026 द्वारा निविदा संख्या 21/25–26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 10.03.2026 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 11.03.2026 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 28.03.2026 एवं खुलने की तिथि 30.03.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 878/वि०वि०ख०ब०/टी–7 दिनांक : 11.03.2026 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून–248006
दूरभाष : 0135–2763508, 2763808, फैक्स : 0135–2763507
सी0आई0ए0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

RO No. 215 **तिथि विस्तार सूचना–02** Dated : 13/03/2026

अपरिहार्य कारणों से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (I&P-II), यूजेवीएन लिमिटेड, "उज्जवल", महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून, के अंतर्गत निविदा संख्या 09/UJVNL/EE(I&P-II)/2025-26, की अन्तिम तिथि निम्नानुसार संशोधित की जाती है :–

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 27.03.2026 16:00 बजे तक।
निविदा भाग–1 को खोलने की तिथि : 28.03.2026 को 11:30 बजे।
निविदा की अन्य सभी शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे।
अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाइट देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (I&P-II)**

"बिजली के बरबादी पूर्ण उपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006
दूरभाष: 0135–2763808, फैक्स– 0135–2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक–212 **निविदा सूचना** दिनांक– 13/03/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), ढकरानी विद्युतगृह, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:
1. निविदा सं0.: 25/अ0अ0(अनु0 एवं उत्पा0)/ढ0वि0गृ0/2025–26: "एक नग नॉन ए0सी0 डीजल वाहन (महिन्द्रा कैम्पर या समकक्ष) एक वर्ष के लिये किराये पर लेने हेतु"।
2. निविदा सं0.: 26/अ0अ0(अनु0 एवं उत्पा0)/ढ0वि0गृ0/2025–26: "विविध यांत्रिक अनुरक्षण कार्यों की ए0एम0सी0"।
3. निविदा सं0.: 27/अ0अ0(अनु0 एवं उत्पा0)/ढ0वि0गृ0/2025–26: "अग्निशमन पाईप लाईन की शिफ्टिंग का कार्य"।
**अनुमानित लागत:** रू0 5,20,944.00+जीएसटी, 9,98,800.00+ जीएसटी एवं 99,525.00 +जीएसटी क्रमशः
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 13.03.2026 को 17:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 04.04.2026 को 13:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, काँवली रोड, देहरादून –248001
कारपोरेट आईडेन्टीटी नं०- UA40109UP2001SGC025867/2358
दूरभाष संख्या: 0135–2763672–76 वेबसाईट www.uktenders.gov.in

No. 184/EE(cm)/UPCL/A-2 Date : 13/03/2026

**ई–निविदा विस्तार सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आमंत्रित ई–निविदा संख्या सी. सी.पी – II/21/2025-2026 जो कि 200 कि० ली० नया परिवर्तक ऑयल की आपूर्ति हेतु आमंत्रित की गयी थी को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ये ई – निविदा दिनांक 23.03.2026 समय 17:00 बजे तक क्रय एवं जमा की जा सकती है। ई–निविदा का भाग– एक 24.03.2026 को 15:30 बजे खोला जायेगा।
अन्य नियम व शर्तें मूल ई–निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय–द्वितीय)

"राष्ट्र हित मे बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री न० 1912)" विद्युत बिलों के 24x7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री न० 1800 180 4185/ फैक्स संख्या –0135–2760911 पर दें)

**कार्यालय:– नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)**

पत्रांक:– 6035/स्वा. अनु./आदेश/2025–26 दिनांक:– 10.3.26

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन–शहरी के अन्तर्गत नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के समस्त 40 वार्डों को खुले में शौच मुक्त ओ.डी.एफ.++ (ODF++) घोषित किया जाता है। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति स्पष्ट कारणों सहित कार्यालय, नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार में दर्ज करा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार**

**कार्यालय – नगर पालिका परिषद् दुगड्डा, पौडी गढ़वाल**

पत्रांक : 1847 / नि.को./2025–26 दिनांक– 09/03/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद, दुगड्डा द्वारा निम्न निर्माण कार्य हेतु पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदा दिनांक 30.03.26 को अपराह्न 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को ही अपराहन 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ निम्नानुसार धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी./सी.डी.आर. बतौर जमानत राशि के रूप में जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, दुगड्डा के नाम बन्धक हो, लगाया जाना आवश्यक है। निविदा के साथ रू. 100/का स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट लगा संलग्न करना अनिवार्य है। सशर्त एवं कालातीत निविदा स्वीकार नही की जायेंगी। प्राप्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अन्य शर्ते व विवरण पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म पालिका कार्यालय में दिनांक. 24.03.26 से दिनांक 29.03.26 तक कार्यालय समय / कार्यालय दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस को निविदा तिथि मानी जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | कार्य की लागत | धरोहर राशि 3% | निविदा प्रपत्र मूल्य (18%GST के साथ) | कार्य पूर्ण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड संख्या 02 में सिम्बलचौड जाने वाले मार्ग पर नगर पालिका शौचालय के समीप से महावीर सिंह रावत के घर तक सी०सी० मार्ग निर्माण कार्य। | राज्य वित्त | 9.46 लाख | 29000 | 1180 | 60 दिन |
| 2 | नगर पालिका परिषद् दुगड्डा के कार्यालय परिसर में बैठक कक्ष का सौन्दर्यीकरण कार्य। | | 5.85 लाख | 18000 | 1180 | 60 दिन |
| 3 | वार्ड संख्या 04 में शनि मन्दिर के समीप घाट का निर्माण/सौन्दर्यीकरण कार्य। | | 22.87 लाख | 69000 | 2360 | 90 दिन |
| 4 | वार्ड संख्या 01 की वाल्मीकि बस्ती में प्रवेशद्वार का निर्माण कार्य। | | 5.58 लाख | 17000 | 1180 | 60 दिन |
| 5 | नगर पालिका दुगड्डा के वार्ड संख्या 02 मे कोटनाला बेडिंग प्वाइण्ट के समीप स्क्रबर एवं रैलिंग शिफ्टिंग का कार्य। | | 3.48 लाख | 11000 | 590 | 60 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, दुगड्डा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, दुगड्डा**

# गैस सिलेंडर की किल्लत व महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

■ केंद्र व राज्य सरकार का पुतला किया दहन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** एलपीजी गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों और गैस की किल्लत के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय किशोर के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में जुलूस निकालते हुए केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा सरकार का पुतला दहन किया।




प्रदर्शन कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन से शुरू होकर पहाड़ी गली चौक तक निकाला गया, जिसमें भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात भी प्रदर्शन में शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार बार-बार यह दावा कर रही है कि एलपीजी गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है।

रोजाना गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें और भीड़ देखी जा रही है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री नव प्रभात ने कहा कि केंद्र सरकार की कमजोर विदेश नीति और गलत आर्थिक नीतियों का खामियाजा आज देश की आम जनता भुगत रही है। एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं और दूसरी तरफ गैस की भारी किल्लत भी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ कागजों और बयानों में ही सब कुछ ठीक बता रही है, जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि आम जनता गैस सिलेंडर के लिए दर-दर भटक रही है।

वहीं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय किशोर ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को भारी संकट में डाल दिया है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को कम करे और गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करे ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही गैस की कीमतों में कमी नहीं की गई और शॉर्टेज की समस्या दूर नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर आंदोलन को और तेज करेगी।

पुतला दहन करने वालों में प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश अग्रवाल, विपुल जैन, शम्मी प्रकाश, ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, आशीष पुंडीर, विकास शर्मा, संजय जैन, जितेंद्र रावत, राहुल वर्मा, हर्षुल शर्मा, नारीर हुसैन, अनस मुनीर, राजीव शर्मा, धीरेंद्र ताड़ियाल अब्बास अली, अभी राजन, शिबली जैदी, असद, भूपेश उपाध्याय संदीप भटनागर सुरेंद्र शर्मा, ईलम चंद मुल्तानी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एलपीजी व ईंधन वितरण व्यवस्था की जांच, कोटी कनासर में तहसीलदार ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** क्षेत्र में एलपीजी गैस और ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा निगरानी बढ़ा दी गई है।

इसी क्रम में शुक्रवार को तहस. ीलदार चकराता प्रदीप नेगी के नेतृत्व में कोटी कनासर क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान तहसीलदार और संबंधित विभागीय अधिकारियों ने इंडियन ऑयल गैस एजेंसी का निरीक्षण कर स्टॉक और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण में एजेंसी पर गैस का पर्याप्त भंडार पाया गया तथा वितरण व्यवस्था भी सामान्य रूप से संचालित होती मिली।

तहसीलदार प्रदीप नेगी ने बताया कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को रसोई गैस और ईंधन उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार की कालाबा. जारी, जमाखोरी या अवैध रिफिलिंग पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से भी गैस वितरण व्यवस्था के बारे में जानकारी ली, लेकिन किसी प्रकार की कालाबा. जारी की शिकायत सामने नहीं आई।



तहसीलदार ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी गैस या ईंधन से जुड़ी अनियमितता अथवा अवैध गतिविधियों की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा आगे भी इसी प्रकार के सघन जांच अभियान जारी रहेंगे।

# रमजान माह के चौथे जुमे की अमन शांति की दुआ के साथ नमाज-अदा

■ दूसरे मजहब के लोगों का ध्यान रख मनाएं ईद का त्यौहार: पेश ईमाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** माह-ए-रमजान मुबारक के चौथे जुमे की नमाज पछवादून की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्वक ढंग से अता की गई। विकासनगर जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज पेश ईमाम हाफिज बशारत अली ने अता करायी।

सुबह से ही जुमे की नमाज की तैयारियां मुस्लिम समुदाए के लोगों ने शुरू कर दी थी। सभी मजिस्दों में भारी भीड़ रही। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पछवादून की सभी मस्जिदों के बाहर खाफी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।



जामा मस्जिद विकासनगर के पेश इमाम हाफिज बशारत अली ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान उल मुबारक बड़ा ही बरकतों वाला महिना है। इस महीने में लोगों की मदद करना तथा अपने से गरीब लोगों को बराबरी में लाने के लिए अपनी कमाई का ढाई प्रतिशत हिस्सा तकसीम करना बड़ा सवाब का काम है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को चाहिए कि खैरात जकात देते वक्त पहले अपने खानदान रिश्तेदार तथा मुहल्ले व शहर के गरीबों को ढूंढे, न मिलने पर ही बाहर के लोगों को जकात दें। उन्होंने कहा समूचा क्षेत्र अमन व शांति का प्रतीक रहा है, दूसरे मजहब के लोगों को ध्यान में रखकर अपना ईद का त्यौहार मनाएं तथा एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दें। ताकि अमनों अमान की मिसाल कायम हो सके। जूमे की नमाज के बाद लोगों ने बाजारों में ईद की जमकर खरीददारी की। बाजार में मुस्लिम समाज के लोगों की काफी भीड़ देखी गई।

# लाखामंडल आईटीआई को पुनः संचालित करने की मांग तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) लाखामंडल को पुनः संचालित करने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। इस संबंध में संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य द्वारा प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उत्तराखंड को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया गया है।

पत्र में बताया गया है कि निदेशक के दूरभाष पर दिए गए मौखिक निर्देशों के क्रम में उत्तराखंड जनजा. ति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष गीताराम गौड़ के साथ परिषद कार्यालय में आईटीआई लाखामंडल को पुनः संचालित किए जाने के विषय में चर्चा की गई।

परिषद के उपाध्यक्ष द्वारा भी दिनांक 6 मई 2025 तथा 28 फरवरी 2026 को संस्थान को दोबारा शुरू कराने के लिए पत्र प्रेषित किए जा चुके हैं। नोडल प्रधानाचार्य ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि आईटीआई लाखामंडल के लिए उपलब्ध मशीनरी, उपकरण एवं अन्य सामग्री जहां रखी गई है, वह संस्थान एवं प्रशिक्षण संचालन के लिए उपयुक्त नहीं है। ऐसे में प्रशिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचा. लित करना संभव नहीं हो पा रहा है। पत्र में यह भी बताया गया है कि संस्थान के संचालन के लिए मंडी परिषद के खाली भवन की उपलब्धता पर विचार किया गया है। परिषद के उपाध्यक्ष से इस संबंध में अनुरोध किया गया है कि आईटीआई लाखामंडल को पुनः शुरू करने के लिए मंडी परिषद के उक्त भवन को उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आईटीआई लाखामंडल के पुनः संचालन से क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

# देहरादून-चकराता होते हुए लाखामंडल तक रोडवेज बस सेवा शुरू

**चकराता।** जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में जिला पंचायत सदस्य अमिता राज वर्मा (लाखामंडल क्षेत्र) द्वारा परिवहन विभाग के समक्ष देहरादून से चकराता होते हुए लाखामंडल के बरनीगाड तक रोडवेज बस सेवा शुरू करने की मांग उठाई गई थी। इस मांग पर परिवहन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देहरादून से चकराता मार्ग होते हुए लाखामंडल बरनीगाड तक रात्रि विश्राम वाली रोडवेज बस सेवा शुरू कर दी है। बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है और लंबे समय से आवागमन की समस्या से जूझ रहे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बस सेवा के शुरू होने से छात्रों, कर्मचारियों और आम यात्रियों को देहरादून आने-जाने में काफी सुविधा होगी। क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए जिला पंचायत सदस्य अमिता राज वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा परिवहन विभाग का आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर .......

# जनरल स्टोरों में एलपीजी के अवैध भंडारण की शिकायत पर छापेमारी



**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के चौरास क्षेत्र में प्रशासन द्वारा रसोई गैस सिलेंडरों के भंडारण को लेकर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान कुल नौ खाली गैस सिलेंडर जनरल स्टोर से बरामद कर जब्त किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नई टिहरी कंट्रोल रूम में शिकायत मिली कि चौरास क्षेत्र में गैस सिलेंडर का भंडारण किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर जिला पूर्ति अधिकारी टिहरी के निर्देश पर कीर्तिनगर क्षेत्र में जनरल स्टोरों पर छापेमारी की गई। पूर्ति अधिकारी कीर्तिनगर व पुलिस टीम की संयुक्त टीम ने संगम विहार, चौरास स्थित दो जनरल स्टोर में एलपीजी के अवैध भंडारण की शिकायत पर जांच की। छापे के दौरान एक जनरल स्टोर में तीन घरेलू खाली गैस सिलेंडर और पांच किलोग्राम क्षमता के तीन खाली सिलेंडर मिले, जबकि दूसरे जनरल स्टोर में तीन घरेलू खाली सिलेंडर पाए गए। पूर्ति अधिकारी ललित मोहन कठैत ने बताया कि कुल नौ सिलेंडरों को मौके पर जब्त कर धारी भारत गैस सर्विस, कीर्तिनगर के प्रबंधक को सौंपा गया है। कहा कि दुकान स्वामियों ने बताया कि ये सिलेंडर आसपास के उपभोक्ताओं द्वारा भरवाने के लिए अस्थायी रूप से दुकानों पर रखे गए थे, जिसकी पुष्टि उपभोक्ताओं ने मौके पर पहुंचकर की। जांच के दौरान डीजल-पेट्रोल की अवैध बिक्री या एलपीजी की अवैध रीफिलिंग की शिकायत की पुष्टि नहीं हुई है।

## पोको इंडिया ने सी 85x 5जी किया लॉन्च

**देहरादून।** पोको इंडिया ने आज पोको सी85x5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की घोषणा की। यह स्मार्टफोन रोजमर्रा के यूजर्स के लिए भरोसेमंद परफॉर्मेंस, बड़ा शानदार डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। छात्रों, पहली बार स्मार्टफोन खरीदने वालों और रोजाना भरोसेमंद परफॉर्मेंस चाहने वाले यूजर्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया यह डिवाइस कुशल हार्डवेयर, व्यावहारिक फीचर्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ आता है। पोको सी85x 5जी में ऑक्टा-कोर प्रोसेसर दिया गया है, जो 6दउ एनएम तकनीक पर बना है और बेहतर परफॉर्मेंस के साथ बैटरी की बचत भी करता है। इसमें 2.2जीएचजेड तक की स्पीड वाले 78 परफॉर्मेंस कोर और Mali-G57 GPU है, जिससे ब्राउजिंग, सोशल मीडिया, वीडियो देखना और हल्की-फुल्की गेमिंग आसानी से हो जाती है।

## महाविद्यालय में विभागीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में भौतिक विज्ञान एवं गणित विभाग द्वारा पोस्टर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।भौतिक विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में राहुल प्रथम, मनीष द्वितीय और समीर तृतीय रहे, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में समीर प्रथम, राहुल द्वितीय और मनीष तृतीय स्थान पर रहे। वहीं गणित विभाग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राहुल प्रथम, मनीष द्वितीय और समीर तृतीय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में मनीष प्रथम, राहुल द्वितीय और समीर तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने विजेता छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर गणित विभाग प्रभारी डॉ. शिवांगी उपाध्याय, भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. सुदीप्त कंडारी तथा विज्ञान संकाय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# स्व. सौरभ भट्ट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** जिला मुख्यालय के आजाद मैदान में सौरभ फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वर्गीय सौरभ भट्ट की पुण्य स्मृति में चलाए जा रहे टूर्नामेंट फाइनल हो गया है।"नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान" के अंतर्गत आयोजित प्रथम स्व. सौरभ भट्ट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंटख्र2026 के फाइनल मुकाबले में शुक्रवार को गंगोत्री क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सजवाण ने कहा कि "नशे को ना, खेल और जिंदगी को हां" का संदेश आज के युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हैप्पी ज्वेलर्स और जे.आर. कैफे की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें हैप्पी ज्वेलर्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। पूर्व विधायक ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस दौरान स्वर्गीय सौरभ भट्ट को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को विनम्र नमन किया गया। साथ ही विशेष जगूड़ी जी के सुपुत्र इशाग्र जगूड़ी, जिन्होंने डोमेस्टिक क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आगामी रणजी ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया हे।

# 35 गैस सिलेंडर बरामद, चालक पर एफआईआर की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देश पर जनपद में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने और घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन व पूर्ति विभाग की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान कोटद्वार में लालबत्ती चौराहे पर एक पिकअप वाहन से 20 खाली व्यावसायिक गैस सिलेंडर और 15 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए।

उपजिलाधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में नायब तहसीलदार, बाट-माप निरीक्षक और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर वाहन को पकड़कर सिलेंडरों को जब्त किया। मामले में वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत जिले में कुल 203 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें 8 गैस गोदाम, 3 पेट्रोल पंप और 189 व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल रहे। जांच के दौरान अनियमितता मिलने पर दो मामलों में 4600-4600 रुपये का अर्थदंड लगाया गया, जबकि दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।श्रीनगर में सीओ पुलिस अनुज कुमार, तहसीलदार दीपक भंडारी और पूर्ति निरीक्षक विवेक कैन्तुरा की संयुक्त टीम ने एक गैस गोदाम और दो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध रूप से उपयोग में लाए जा रहे दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसके अलावा पूर्ति निरीक्षक केसी बौंठियाल ने दुगड्डा क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप और 16 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, पूर्ति निरीक्षक विजय डोभाल ने पौड़ी क्षेत्र में 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। तहसीलदार धुमाकोट कुंदन सिंह नयाल और पूर्ति विभाग की टीम ने धुमाकोट व नैनीडांडा क्षेत्र में एक गैस गोदाम और 19 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की। पूर्ति निरीक्षक विजय डोभाल ने चाकीसैंण क्षेत्र में 16 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया, जहां अनियमितता मिलने पर दो मामलों में 4600 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। पूर्ति निरीक्षक राकेश पंत ने कोट व खोलाचौरी क्षेत्र में 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दो मामलों में 4600 रुपये का अर्थदंड लगाया गया। पूर्ति निरीक्षक भूपेंद्र सिंह ने चौलूसैंण क्षेत्र में सात प्रतिष्ठानों, पूर्ति निरीक्षक हेमेंद्र कुमार ने पाबौ क्षेत्र में 13 प्रतिष्ठानों तथा अभिषेक कर्णवाल ने लैंसडाउन क्षेत्र में आठ प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

वहीं उपजिलाधिकारी रेखा आर्य के नेतृत्व में सतपुली क्षेत्र में 13 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। पूर्ति निरीक्षक दिग्विजय राणा ने नौगांवखाल व पोखड़ा क्षेत्र में एक गैस गोदाम, दो पेट्रोल पंप और 27 प्रतिष्ठानों की जांच की। पूर्ति निरीक्षक सचिन भट्ट ने थलीसैंण क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप और छह प्रतिष्ठानों, जबकि पूर्ति निरीक्षक प्रियंका बिष्ट और विशेष राठौर ने उफरैंखाल व रिखणीखाल क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप और 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इसके अलावा पूर्ति निरीक्षक दिव्या मुखिया ने लक्ष्मणझूला क्षेत्र में 16 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और तीन आश्रमों का निरीक्षण किया। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद पौड़ी गढ़वाल अन्तर्गत संचालित समस्त गैस एजेंसियों में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा आपूर्ति भी सुचारू है। समस्त उपभोक्ताओं से अपील है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और न ही अफवाह फैलाए। जनपद में आज भी घरेलू, गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हुई है तथा जनपद को निरन्तर रूप से घरेलू गैस प्राप्त हो रही है।

# सोशल मीडिया पर महिला के निजी फोटो वायरल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार निवासी वादिनी द्वारा कोतवाली कोटद्वार में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि विनय सैनी नाम के व्यक्ति द्वारा उन्हें फोन पर लगातार गाली-गलौज की जा रही है तथा जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

इसके अतिरिक्त उक्त व्यक्ति द्वारा वादिनी के निजी फोटो एवं वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपलोड करने तथा वायरल करने की धमकी देते हुए अभद्र टिप्पणी की जा रही है तथा उक्त फोटो एवं वीडियो को वायरल न करने के बदले 1.5 लाख रूपए की मांग भी की जा रही है। इस संबंध में कोतवाली कोटद्वार में विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।



महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के क्रम में प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर प्रकरण की विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त विनय सैनी पुत्र ओमदत्त सैनी, निवासी- कुलेसरा गांव, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा वादिनी को उसके निजी फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। इसके साथ ही अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी तथा उक्त फोटो व वीडियो वायरल न करने के बदले धनराशि की मांग की जा रही थी। विवेचना के दौरान प्रकरण में पाए गए तथ्यों के आधार पर अभियोग में धारा 67 आईटी एक्ट की बढ़ोतरी की गई।

जिसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर कुशल सुरागसी-पतारसी करने, तकनीकी सर्विलांस के माध्यम से अभियुक्त विनय सैनी को गुरुवार को नोएडा, उ.प्र. से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# सहकारिता समितियों को सशक्त कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने पर जोर

**कोटद्वार ।** जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं, समितियों की प्रगति तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सहका. रिता तंत्र को सशक्त बनाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सहकारी देयों की वसूली की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वसूली कार्य में एमपैक्स के सचिवों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और इसमें लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन एमपैक्स (बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समितियों) द्वारा 50 प्रतिशत से कम वसूली की गई है।

# वैज्ञानिक अनुसंधान व जनजागरूकता से ही बचेगी औषधीय पादप

■ हैप्रेक और उद्योगिनी संस्था के संयुक्त तत्वाधान दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रेक) एवं उद्योगिनी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में औषधीय एवं सगन्ध पादपों के सरंक्षण विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला में उद्योगिनी संस्था से जुड़े चमोली जनपद के ब्लॉक समन्वयकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला औषधीय एवं सुगंधित पौधों के संरक्षण, वैज्ञानिक खेती, पौध प्रसार, नर्सरी प्रबंधन तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग के बारे में व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानक. ारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस मौके पर हैप्रेक संस्थान के निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र औषधीय पौधों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है, किंतु अत्यधिक दोहन, आवासीय क्षति तथा जलवायु परिवर्तन के कारण कई महत्वपूर्ण प्रजातियाँ संकट में आ गई हैं। ऐसे में वैज्ञानिक अनुसंधान और जनजागरूकता के माध्यम से इन पौधे का संरक्षण आवश्यक है। मौके पर आयोजित पहले तकनीकि सत्र में रिसर्च शिक्षा के संस्थान डॉ. अजय कुमार चौहान ने वचुअल माध्यम से क्रॉप मॉडलिंग एवं क्रॉप प्रोडक्शन साइमनटेशनली थ्रो कम्प्यूटर एप्लीकेशन विषय पर जानकारी दी। बताया कि आधुनिक कम्प्यूटर बेसड़ क्रॉप मॉडलिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से फसलों की वृद्धि, उत्पादन तथा जलवायु परिस्थितियों के प्रभाव का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है। बताया कि इन तकनीकों का उपयोग कृषि अनुसंधान, फसल प्रबंधन तथा भविष्य की कृषि योजनाओं के निर्माण में अत्यंत उपयोग सिद्ध हो सकता है। उद्योगि. नी के प्रबंधक शिवम पंत ने कहा कि औषधीय पौधों के सतत संरक्षण और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने की अत्यंत आवश्यक है। कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय समुदायों और किसान के लिए नए आजीविका अवसर भी प्रदान करते है। कार्यशाला में डॉ. विजय लक्ष्मी त्रिवेदी ने जलवायु परिवर्तन से औषधीय पादपों पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानक. ारी दी। स्पेश बॉन के संस्थापक डॉ. अजीत ने रिमोट सेंसिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल मॉनेटेरिंग टूल जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर फसलों की स्थिति, वृद्धि तथा रोगों की पहचान के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर हैप्रेक संस्थान की डॉ. बबिता पाटनी, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुदीप सेमवाल, डॉ. प्रदीप डोभाल, डॉ. जयदेव चौहान, डॉ. राजीव वशिष्ठ, डॉ. मुनमुन, डॉ. नमिता, देवेश, सत्यम, अनिकेत, शिवांगी, बिपिन, मुकेश सहित आदि मौजूद थे।



# कार्यालय अधिशासी अभियंता
## निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., पुरोला ( उत्तरकाशी )

Office of the Executive Engineer, Construction Divion, P.W.D. Purola (Uttarkashi)
E-Mail:eepwdpurola@rediffmail.com, Fax/Tel No. 01373-223324

पत्रांक : 416/निविदा  दिनांक 13.03.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहर बन्द निविदा दिनांक 02-04-2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन०एस०सी०/ डाकघर बचत बैंक पास बुक एवं भारत सरकार में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, पुरोला के पदनाम से बन्धक हो लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू. 100/- के रेवेन्यू स्टाम्प पेपर पर रू. 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तों के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 14-03-2026 से 01-04-2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालय कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 02-04-2026 अपराह्न 03:00 बजे इन्ही कार्यालयों में निविदा बाक्स में डाली जा सकती है:-
(1) कार्यालय अधीक्षण अभियंता, षष्ट्म वृत्त, लो०नि०वि०, उत्तरकाशी। (2) अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, बड़कोट। (3) अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, चम्बा। (4) अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, पुरोला।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि ( रू. में ) | निविदा का मूल्य ( रू. में ) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | एस.डी.आर.एफ. के अन्तर्गत क्रम संख्या 1 से 23 | | | | | |
| | जखोल-फिताडी मोटर मार्ग के कि.मी. 1 है.मी. 8-10 एवं कि.मी. 2 है.मी. 2-4 क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों का कार्य। | 8,000.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य हेतु ''डी'' एवं उच्चत्तर श्रेणी में पंजीकृत |
| 2 | मोरी नानई मोटर मार्ग के कि०मी० 1 तक क्षतिग्रस्त भाग का मरम्मत कार्य। | 24,000.00 | 1000.00+ +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 3 | त्यूनी पुरोला नौगांव मोटर मार्ग ( राज्य मार्ग संख्या-17 ) कि.मी. 42 व 44 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 16,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 4 | त्यूनी पुरोला नौगांव मोटर मार्ग ( राज्य मार्ग संख्या-17 ) कि.मी. 41 हे0मी0 4-6 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 8,000.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 5 | पुजेली कोईराला मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार एंव नाली का मरम्मत कार्य । | 13,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 6 | रामा वेष्टी मोटर मार्ग के कि.मी. 1.00 के हे.मी. 2-4 हे.मी. 4-6 हे.मी.8-10 में सी.सी. प्लम व दीवारों का सुरक्षात्मक कार्य। | 12,000.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 7 | त्यूनी पुरोला नौगांव ( राज्य मार्ग सं0-17 ) मोटर मार्ग के कि0मी0 38 व 39 ( हे0मी0 4-6 ) में क्षतिग्रस्त भाग का कार्य। | 18,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 8 | भदरासू रमालगांव मोटर मार्ग के कि०मी० 01 से 02 में आपदा से क्षतिग्रस्त भागों का मरम्मत कार्य। | 31,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 9 | त्यूनी पुरोला नौगावं मोटर मार्ग के कि0मी0 24 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुर्ननिर्माण एव मरम्मत कार्य । | 11,000.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | -तदैव- |
| 10 | मोरी नैटवाड़ सांकरी जखोल के कि.मी. 21 क्रास सैक्शन 20/36 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुर्ननिर्माण कार्य। | 8,000.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य हेतु ''डी'' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत |
| 11 | मोरी नैटवाड़ी जखोल मोटर मार्ग के राज्य मार्ग संख्या 48 में कि.मी. 15, 17, 21 एवं 22 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुर्ननिर्माण कार्य । | 20,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | -तदैव- |
| 12 | मोरी नैटवाडी जखोल मोटर मार्ग के राज्य मार्ग संख्या 48 में कि.मी. 22 एवं 23 में क्षतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 18,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 13 | मोरी नैटवाड़ी जखोल मोटर मार्ग के राज्य मार्ग संख्या 48 में कि0मी0 22 में वाश आउट भाग की मरम्मत कार्य । | 84,000.00 | 2500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 14 | वि०ख० पुरोला के हुडोली ठंडुग मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त भाग का मरम्मत कार्य। | 46,000.00 | 2000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 15 | त्यूनी पुरोला नौगांव मोटर मार्ग ( राज्य मार्ग संख्या-17 ) कि०मी० 34 व 41 में क्षतिग्रस्त भाग का पुर्ननिर्माण कार्य । | 8,000.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 16 | खाबली गुन्दियागांव मोटर मार्ग के कि०मी० 11 के आबादी क्षेत्र के क्षतिग्रस्त भाग में दीवार एंव नाली का पुर्ननिर्माण कार्य । | 11,000.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 17 | स्वील मोटर मार्ग के कि०मी० 1 व 2 में क्षतिग्रस्त दीवार का पुर्ननिर्माण एंव नाली का मरम्मत कार्य । | 29,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 18 | उपला छिवाला मोटर मार्ग के कि०मी० 1 के क्षतिग्रस्त भाग का सुरक्षात्मक कार्य। | 6,500.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 19 | उपला छिवाला मोटर मार्ग के कि०मी० 1 के क्षतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण कार्य। | 10,000.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 20 | पुरोला के त्यूनी पुरोला नौगांव मोटर मार्ग ( राज्य मार्ग सं0 17 ) के के कि०मी० 76 कि०मी० 77 व कि०मी० 80 क्षतिग्रस्त दीवारों का पुर्ननिर्माण व मरम्मत कार्य। | 6,000.00 | 500.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 21 | सुनाली निचला धिवरा मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त दीवार व नाली का मरम्मत / पुर्ननिर्माण कार्य। | 15,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 22 | मोरी नैटवाडी सांकरी जखोल मोटर मार्ग के कि०मी० 37 हे०मी० 4-6 एंव कि०मी० 39 के हे०मी० 2-4 में क्षतिग्रस्त भाग का मरम्मत / सुरक्षात्मक कार्य। | 25,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 23 | बरनाली माकुड़ी मोटर मार्ग के कि०मी० 8 में क्षतिग्रस्त दीवार एंव स्कपर निर्माण कार्य। | 22,000.00 | 1000.00 +18%GST | 45 दिन | 03 माह | - तदैव- |
| 24 | वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत त्यूनी पुरोला नौगांव ( राज्य मार्ग संख्या-17 ) के कि0मी0 21. 27, 31, 40 एवं 41 में बी०सी० द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 1,53,000.00 | 4000.00 +18%GST | 45 दिन | 06 माह | - तदैव- |
| 25 | निक्षेप मद के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड मोरी में सांकरी रेंज के अन्तर्गत तालुका के सिविल क्षेत्र में टाइप-2 चौकी का निर्माण कार्य। | 48,000.00 | 1500.00 +18%GST | 45 दिन | 06 माह | भवन कार्य हेतु ''डी'' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत |
| 26 | निक्षेप मद के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड मोरी में सांकरी रेंज के अन्तर्गत नुराणू के सिविल क्षेत्र में टाइप-2 चौकी का निर्माण कार्य। | 48,000.00 | 1500.00 +18%GST | 45 दिन | 06 माह | भवन कार्य हेतु ''डी'' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत |

निविदायें दिनांक 04-04-2026 को अपराह्न 12:00 बजें उपस्थित निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियो के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा। इस विषयक मे कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

**सामान्य शर्ते**

1. किसी भी निविदा को स्वीकृत / निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा एवं निविदा की शेष शर्तें, जी०पी०डब्लू०-8, निविदा प्रपत्र एम0एफ0-83, 79/97, 69/70 एवं शासनादेश सं0 2611/111(2)/07-75 (सा0)/2000 दिनांक 26-10-07 के अनुसार होगी।
2. क्र.स. 13 व 24 पर अंकित कार्य ई-टेण्डरिंग (Single Bid System) द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 16-03-2026 से उपलब्ध होगी।
3. निविदा प्रपत्र का लेखाशीर्षक 0059018000600 मूल्य एवं जी०एस०टी० नं0 05MRTC00535D1D7 का अलग-अलग चालान जो अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लो.नि.वि., पुरोला के नाम पर देय हो, बनवाकर रोकडिया (कैशियर), निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, पुरोला से निविदा प्रपत्र प्राप्त की जायेगी।

**अधिशासी अभियंता**
**निर्माण खण्ड लो.नि.वि. पुरोला**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग

email id:- npprudraprayag6@gmail.com, Tel: 9410535700

पत्रॉक: 1651/निविदा आ.सूचना/2025-26  दिनॉक: 13.03.2026

### निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वें वित्त से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2025-26के लिए नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकास/निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा प्रणाली के अन्तर्गत मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 04-04-2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो कि उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के सम्मुख सांय 2.00 बजे खोले जायेगें। निविदा प्रपत्र निविदा मूल्य + जीएसटी जमा करके कार्यालय से दिनांक 30-03-2026 को प्राप्त: 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा कार्य एवं निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं किसी भी कार्यदिवस मे कार्यालय मे देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष/निविदा समिति मे निहित होगा। सूचना को जनपद की बेबसाइट http://rudraprayag.nic.in मे भी देखी जा सकती हैं।

**नोट:** उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश स0 223817 दिनॉक 10.07.24 के क्रम में निविदा में प्रतिभाग करने से पूर्व सम्बन्धित फर्म/निविदाकार को GST सम्बन्धी अदेय प्रमाण पत्र No Dues Certificate प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा । अनुपालन नहीं किए जाने की दशा में सम्बन्धित निविदाकार को निविदा में प्रतिभाग किए जाने हेतु अनर्ह Ineligible घोषित किया जाएगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राकलन धनराशि ( लाख में ) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न. 01 तिलणी में श्रीमती दीपा देवी के घर के पास शौचालय निर्माण कार्य। | 3.89 लाख | 12,000 | 500+GST | 45 दिन |
| 2 | वार्ड न. 01 तिलणी में श्रीमती दीपा कठैत के घर से श्री संतोष लाल के घर के पास सी.सी. रोड और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 13.39 लाख | 40,500 | 1500+GST | 60 दिन |
| 3 | वार्ड 01 सुमेरपुर में श्री विक्रम सिहं पंवार के घर के पास क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत कार्य। | 1.38 लाख | 4,500 | 500+GST | 30 दिन |
| 4 | वार्ड 01 सुमेरपुर में नगर पालिका बारात घर के पीछे क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत कार्य। | 3.75 लाख | 11,500 | 500+GST | 45 दिन |
| 5 | वार्ड 01 तिलणी में श्री योगेन्द्र कठैत के घर से बद्रीनाथ रोड तक सी.सी. रोड और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 7.68 लाख | 23,500 | 1000+GST | 45दिन |
| 6 | वार्ड 01 तिलणी में श्री राम दया के घर के पास सी0सी0 रोड और चैकर्ड टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 2.61 लाख | 8,000 | 500+GST | 30दिन |
| 7 | वार्ड 02 में काला पहाड पार्किंग के पास कियोस्क का मरम्मत कार्य। | 2.43 लाख | 7,500 | 500+GST | 30दिन |
| 8 | वार्ड 02 बस अड्डा में पंजाब नेशनल बैंक की ऊपरी मंजिल पर टाईल्स और पेंटिंग का मरम्मत कार्य। | 8.50 लाख | 25,500 | 1000+GST | 45दिन |
| 9 | वार्ड 02 जी.जी.आई.सी. के पास क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत कार्य। | 17.40 लाख | 52,500 | 1500+GST | 60दिन |
| 10 | वार्ड 02 अपर बाजार के पास फैब्रिकेटेड शेड का मरम्मत कार्य। | 4.76 लाख | 14,500 | 500+GST | 45दिन |
| 11 | वार्ड 02 में बोहरा अस्पताल के पास फुटपाथ का मरम्मत एवं सी.सी. निर्माण कार्य। | 1.97 लाख | 6,000 | 500+GST | 30दिन |
| 12 | वार्ड 02 में श्रीमती प्रीति देवी के घर के पास क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत कार्य। | 1.31 लाख | 4,000 | 500+GST | 30दिन |
| 13 | वार्ड 02 में पुराने सी0डी0ओ0 कार्यालय के पास सुरक्षा दीवार का मरम्मत कार्य। | 3.26 लाख | 10,000 | 500+GST | 30दिन |
| 14 | वार्ड 03 में उमरानारायण मंदिर के पास पुरूष और महिला शौचालय का निर्माण कार्य। | 8.21 लाख | 25, 000 | 1000+GST | 90दिन |
| 15 | वार्ड 03 में भैरव मंदिर के पास फुटपाथ का मरम्मत कार्य। | 7.29 लाख | 22,000 | 1000+GST | 45दिन |
| 16 | वार्ड 03 में श्री वीरेन्द्र बिष्ट के घर के पास सी.सी. रोड और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 6.21 लाख | 19,000 | 1000+GST | 45दिन |
| 17 | वार्ड 03 खुरड में सामुदायिक भवन पास शौचालय निर्माण कार्य। | 6.59 लाख | 20,000 | 1000+GST | 90दिन |
| 18 | वार्ड 03 कोटेश्वर पार्क में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य। | 6.29 लाख | 19,000 | 1000+GST | 45दिन |
| 19 | वार्ड 03 कोटेश्वर में नगर पालिका आवासीय भवन में मरम्मत और पेंटिंग का कार्य। | 5.69 लाख | 17,500 | 1000+GST | 45दिन |
| 20 | वार्ड 03 में श्रीमती प्रीति देवी के घर के पास शौचालय निर्माण कार्य। | 5.82 लाख | 18,000 | 1000+GST | 90दिन |
| 21 | वार्ड 03 में चोपडा रोड से श्री शिशुपाल राणा के घर तक सी.सी. रोड और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 8.91 लाख | 27,000 | 1000+GST | 60दिन |
| 22 | वार्ड 03 में विकास भवन रोड से श्री राकेश बुटोला के घर तक नाली और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 3.23 लाख | 10,000 | 500+GST | 30दिन |
| 23 | वार्ड 04 में संगम के पास सुरक्षा दीवार का मरम्मत कार्य। | 5.03 लाख | 15,500 | 1000+GST | 45दिन |
| 24 | वार्ड 04 में नगर पालिका कार्यालय भवन के पास मरम्मत और बाड लगाने का कार्य। | 3.88 लाख | 12,000 | 500+GST | 30दिन |
| 25 | वार्ड 04 में श्री कैलाश जगवाण के घर के पास सामुदायिक भवन का मरम्मत कार्य। | 7.07 लाख | 21,500 | 1000+GST | 60दिन |
| 26 | वार्ड 04 में श्री प्रकाश मेघवाल के घर से श्री संजय सिंह बिष्ट के घर तक फुटपाथ और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 8.00 लाख | 24,000 | 1000+GST | 60दिन |
| 27 | वार्ड 04 में नगर पालिका बारातघर के पास पार्किंग/सडक का निर्माण कार्य। | 24.58 लाख | 74,000 | 2000+GST | 90दिन |
| 28 | वार्ड 04 में श्री हिम्मत सिंह जगवाण के घर के पास शौचालय का निर्माण कार्य। | 5.67 लाख | 17,500 | 1000+GST | 60दिन |
| 29 | वार्ड 06 में जी0आई0सी0 में फुटपाथ और रैंलिग का मरम्मत कार्य। | 6.55 लाख | 20,000 | 1000+GST | 45दिन |
| 30 | वार्ड 06 में श्री जितेंन्द्र लाल के घर के पास नाली और रैंलिंग का मरम्मत का कार्य। | 5.56 लाख | 17,000 | 1000+GST | 45दिन |
| 31 | वार्ड 06 में श्री प्रेम सिंह रावत के घर से इंटर कॉलेज तक सी0सी0 रोड और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 5.61 लाख | 17,000 | 1000+GST | 45दिन |
| 32 | वार्ड 06 टीचर कॉलोनी में श्री नरेन्द्र बिष्ट के घर के पास नाली का मरम्मत कार्य। | 1.75 लाख | 5,500 | 500+GST | 30दिन |
| 33 | वार्ड 06 में श्री हरी सिंह रावत के घर से श्री दीवान सिंह के घर तक सी0सी0 रोड और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 4.20 लाख | 13,000 | 500+GST | 45दिन |
| 34 | वार्ड 06 पाण्डव चौक में श्री दीपक सिंह नेगी के घर के पास क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत कार्य। | 1.18 लाख | 3,600 | 500+GST | 30दिन |
| 35 | वार्ड 06 में शिशु मंदिर के पास सुरक्षा दीवार का मरम्मत कार्य। | 8.64 लाख | 26,000 | 1000+GST | 60दिन |
| 36 | वार्ड 06 पुनाड में श्री मनोज पुरोहित के घर से श्री अरविंद सेमवाल के तक फुटपाथ और नाली का मरम्मत कार्य। | 4.04 लाख | 12,500 | 500+GST | 45दिन |
| 37 | वार्ड 06 में श्री नेरन्द्र सिंह बिष्ट के घर से श्री उमेद सिंह कप्रवाण के घर के पास नाली का मरम्मत कार्य। | 4.53 लाख | 14,000 | 500+GST | 45दिन |
| 38 | वार्ड 06 में श्री शंकर पंवार के पास क्षतिग्रस्त दीवार एवं फुटपाथ का मरम्मत कार्य। | 5.22 लाख | 16,000 | 1000+GST | 45दिन |
| 39 | वार्ड 06 में काला पहाड से श्री सूरज पंवार के घर तक फुटपाथ का मरम्मत और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 7.40 लाख | 22,500 | 1000+GST | 45दिन |
| 40 | वार्ड 07 में जंयती पैलेस के पास नाली का मरम्मत कार्य। | 2.83 लाख | 8,500 | 500+GST | 30दिन |
| 41 | वार्ड 07 श्री रघुवीर रावत के घर से सूरी लॉज के पास नाली और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 14.73 लाख | 44,500 | 1500+GST | 60दिन |
| 42 | वार्ड 07 में एन0एच0 से श्री अनिल गोस्वामी के घर तक सी0सी0 रोड और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 0.67 लाख | 2,100 | 500+GST | 30दिन |
| 43 | वार्ड 07 में एन0एच0 से श्री प्रेम गोस्वामी के घर तक फुटपाथ और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 1.02 लाख | 3,100 | 500+GST | 30दिन |
| 44 | वार्ड 07 भाणाधार में श्री प्रेम सिंह पंवार के घर के पास क्षतिग्रस्त दीवार का मरम्मत कार्य। | 4.43 लाख | 13,500 | 500+GST | 45दिन |
| 45 | वार्ड 07 भाणाधार में तुलसी होटल के पास रिटेनिंग वॉल का मरम्मत कार्य। | 10.28 लाख | 31,000 | 1500+GST | 60दिन |
| 46 | वार्ड 07 गुलाबराय में नागराज नरसिंह मंदिर से श्री राजेन्द्र नौटियाल के घर तक फुटपाथ का मरम्मत कार्य। | 7.45 लाख | 23,000 | 1000+GST | 60दिन |
| 47 | वार्ड 07 गुलाबराय मैदान में स्टेज पर मरम्मत कार्य। | 9.39 लाख | 28,500 | 1000+GST | 60दिन |
| 48 | वार्ड 07 में एन0एच0 से श्री मोहन पुरी के घर तक फुटपाथ और इंटरलॉक टाईल्स का मरम्मत कार्य | 0.69 लाख | 2,100 | 500+GST | 30दिन |
| 49 | वार्ड 07 गुलाबराय में श्री कांडपाल के घर के पास सी0सी0 रोड और टाईल्स का मरम्मत कार्य। | 5.22 लाख | 16,000 | 1000+GST | 45दिन |
| 50 | वार्ड 07 रैतोली में कैटल हाऊस के पास मरम्मत और बाड लगाने का कार्य। | 6.02 लाख | 18,500 | 1000+GST | 30दिन |
| 51 | वार्ड 07 रैंतोली में एम0आर0एफ0 सेंटर के पास कैटल शेड में मरम्मत और एल्युमिनियम का कार्य। | 7.35 लाख | 22,500 | 1000+GST | 45दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग**

## संक्षिप्त खेला समाचार


### जुलाई में गोवा में होगा अल्टीमेट टेटे सीजन -7

**नई दिल्ली, वार्ता।** गोवा का सूरज, रेत और शानदार नजारा जल्द ही अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के लिए मंच तैयार करेगा, क्योंकि भारत की प्रमुख फेंचाइजी-आधारित टेबल टेनिस लीग अपने सातवें ऐतिहासिक सीजन के लिए इस तट पर आ रही है। शहर-आधारित फेंचाइजियां और दुनिया के कुछ बेहतरीन पैडलर गोवा के तटों पर उतरेंगे, और जुलाई 2026 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम को स्मैश, स्पिन और विश्व-स्तरीय मुक. ाबले के एक जीवंत अखाड़े में बदल देंगे। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में घ्ट स्पोर्ट्स प्रा लिमि द्वारा आयोजित, अल्टीमेट टेबल टेनिस 2017 में अपनी शुरुआत के बाद से देश की सबसे प्रमुख खेल संपत्तियों में से एक बन गया है। सीजन 7 में भारत के सर्वश्रेष्ठ पैडलरों के साथ-साथ दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं का एक और शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

### मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूं, मेडल्स पर नहीं : प्रीति पाल

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रीति पाल, जो पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं, ने अपनी सफलता का राज बताया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ अपनी टाइमिग बेहतर करने पर ध्यान देती हैं और मेडल जीतने के बारे में सोचकर खुद पर दबाव नहीं डालतीं। प्रीति ने 2024 पेरिस पैरालंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। एक महिलाओं की 100मी रेस में और दूसरा 200मी टी35 रेस इवेंट में। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं की 100मी टी35/टी37 रेस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए प्रीति ने कहा कि यह वह मुकाबला है जहां हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की

# रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट सबसे मजबूत खिलाड़ी : आकाश



● **कहा : तर्क के हिसाब से अगर आप फिट हैं, जो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टियूट होना चाहिए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

जियो स्टार के 'गेम प्लान -नो योर टीम' शो पर बोलते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि तर्क के हिसाब से, अगर आप फिट हैं, तो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टिट्यूट होना चाहिए। खासकर तब, जब आप दूसरी पारी में बैटिंग कर रहे हों, आपको 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर मैदान पर नहीं उतरना चाहिए। एक ओप. नर को डगआउट में बैठकर 20 ओवर का मैच देखने की आदत नहीं होती। ओपनिंग बैट्समैन मैदान पर रहने, उसी हिंसाब से तैयारी करने और फिर तुरंत एक्शन में आने के आदी होते हैं। रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

इसलिए उन्हें पूरे 40 ओवर मैदान पर रहना चाहिए। असल में, इसी तरह मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा का पूरा फायदा उठा पाएगी। पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने एमआई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से गुजारिश की कि उन्हें 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर सब्स्टिट्यूट न किया जाए। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा का इस्तेमाल 12वें खिलाड़ी के तौर पर किया गया है, जो सिर्फ बैटिंग करता है। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह के लीडर वह रहे हैं, उनके जैसा खिलाड़ी मैदान पर होना चाहिए। मुश्किल मैचों में, जब आपको कुछ अहम फैसले लेने होते हैं।

# सुमित अंतिल ने जीता स्वर्ण पदक



● **कहा : कि वह 75 मी. आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, यह दूरी किसी एथलीट ने पार नही की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने कहा है कि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

यह एक ऐसी दूरी है जिसे उनकी श्रेणी के किसी भी एथलीट ने अब तक हासिल नहीं किया है। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए, इस पैरा जैवलिन थ्रोअर ने इस मील के पत्थर को पार करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं अभी तक अभ्यास में भी 75 मीटर तक नहीं पहुंच पाया हूं। लेकिन हम धीरे-धीरे अपनी तकनीक और ताकत को बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं।

देखते हैं आगे क्या होता है। टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन ने 69-25 मीटर का विजई थ्रो किया, जिससे पोडियम पर पूरी तरह से भारतीयों का ही दबदबा रहा। पुष्पेंद्र सिंह ने 56-91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि पूनम राम ने 49-48 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतिल ने स्वीकार किया कि उनका यह थ्रो उनकी उम्मीदों से कहीं बेहतर था, क्योंकि उन्हें प्रतियोगिता के दौरान थोड़ा कम स्कोर रहने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे कई टूर्नामेंट कतार में हैं। यह मेरे लिए ऑफ-सीजन का 'लोडिंग फेज' (तैयारी का चरण) है। मुझे इतने अच्छे थ्रो की उम्मीद नहीं थी, मुझे लगभग 67-68 मीटर के आसपास रहने की उम्मीद थी, लेकिन आज 69-25 मीटर का थ्रो काफी अच्छा रहा। इसलिए मैं खुश हूं, और मेरी टीम भी खुश है। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आठ देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। सोनीपत के रहने वाले इस खिलाड़ी ने बताया कि कैसे शांत रहने की क्षमता उन्हें प्रतियोगिता के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रतियोगिताओं का काफी अनुभव है। मुझे पता होता है कि मुझे कब पदक मिलेगा और कब नहीं। मैं बस शांत रहना चाहता था। मैं अपनी ऊर्जा को जितना हो सके बचाकर रखना चाहता था, ताकि थ्रो करते समय उस ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल कर सकूं। अंतिल ने कहा कि हालांकि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य बना रहे हैं, फिर भी वह अपनी तकनीक में कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम (ट्रेनिंग प्रोग्राम) बिल्कुल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। सुमित अंतिल भारत के सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले पैरा एथलीटों में से एक हैं। उन्होंने 2020 और 2024 के पैरालंपिक खेलों में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था।

# डुप्लांटिस ने 3.31 मी. के साथ अपना 15वां पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड बनाया

● **पोल वॉल्ट ने 6.31 मी. की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की**

**स्टॉकहोम, वार्ता।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपने ही पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड में एक और सेंटीमीटर जोड़ते हुए, गुरुवार को उप्साला में आयोजित 'मोंडो क्लासिक' (जो कि वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर सिल्वर मीटिग का हिस्सा है) में 6.31 मीटर की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की।

26 वर्षीय मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 5.65 मीटर की ऊंचाई से शुरुआत की, और फिर 5.90 मीटर और 6.08 मीटर की ऊंचाई भी अपने पहले ही प्रयास में पार करके जीत पक्की कर ली। इसके बाद उन्होंने बार (बाधा) को 6.31 मीटर तक ऊपर उठाया और उसे भी पहले ही प्रयास में पार कर लिया। नॉर्वे के सोंड्रे गुटोरमसेन 6-00 मीटर की ऊंचाई के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिकी खिलाड़ी जैचरी ब्रैडफोर्ड 5.90 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। डुप्लांटिस ने कहा कि अगर आप मुझसे मुक. ाबला करने के लिए स्वीडन आते हैं, तो मुझे हराना और भी मुश्किल होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस समय मेरे मन में कई तरह की भावनाएं उमड़ रही हैं। मुझ पर थोड़ा अतिरिक्त दबाव भी था, क्योंकि मैं कुछ अलग ही अंदाज में प्रदर्शन करना चाहता था।

# पंत ने युवराज के साथ की ट्रेनिंग



● **दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए**

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत ने पिछले हफ्ते मुंबई में युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग की। यह उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों का हिस्सा था। दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए और व्हाइट-बॉल क्रिकेट के अलग-अलग तरह के शॉट्स पर अभ्यास किया।

28 साल के पंत का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। इसलिए, इस बार वे अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने के लिए बेताब हैं। उनके करीबी एक सूत्र ने बताया कि युवराज के साथ उनके निजी संबंध काफी अच्छे हैं। दोनों ने कुछ दिनों तक साथ मिलकर ट्रेनिंग करने की संभावना पर चर्चा की थी। पिछले हफ्ते यह योजना साकार हो गई।

भारतीय क्रिकेट के व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के दिग्गज खिलाड़ी युवराज सिंह ने अब एक मेंटर (मार्गदर्शक) के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और प्रभसिमरन सिंह जैसे कई खिलाड़ियों के साथ काम किया है। खासकर अभिषेक शर्मा, जो अब दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं। उनकी इस सफलता में युवराज सिंह की अहम भूमिका मानी जाती है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग करने से पंत के व्हाइट-बॉल करियर को भी नई जान मिल सकती है। अगस्त 2024 के बाद से उन्होंने भारत के लिए व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लिया है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पंत चेन्नई रवाना हो गए। चेन्नई में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 'कोचिग बियॉन्ड' मैदान पर अपना तैयारी शिविर (कैंप) लगा रही है। इस शिविर की देखरेख बॉलिग कोच भरत अरुण और बैटिंग कोच लांस क्लूजनर कर रहे हैं।

# लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में जीता सोना

● **लक्ष्मी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत व लगातार ट्रेनिंग को दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्लासरूम से लेकर थ्रोइंग सर्कल तक, एक टीचर लक्ष्मी ने एक यादगार पल रचा, जब उन्होंने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं के शॉट पुट एफ36/एफ37/एफ40 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।

उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत और लगातार ट्रेनिंग को दिया। जीत के बाद 'यूनीवार्ता' से बात करते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह मेडल लंबे समय के समर्पण और रोजाना के अभ्यास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि मैं अब बहुत खुश हूं कि मैं शॉट पुट में गोल्ड मेडलिस्ट बन गई हूं। मैं और मेडल जीतने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास करती रहूंगी। लक्ष्मी ने 7.76 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत की अकुताई सीताराम उल्भगत 5.49 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भूटान की चिमी डेमा ने 5.27 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स में अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह प्रगति सालों से लगातार प्रयासों और प्रदर्शन में सुधार के जरिए धीरे-धीरे हुई है। उन्होंने कहा कि अभ्यास में हमेशा चुनौतियां आती हैं, लेकिन हर साल सुधार होता है। पहले मेरे थ्रो लगभग छह मीटर के होते थे, और अब मैंने सात मीटर का आंकड़ा पार कर लिया है।

# हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने अबरार अहमद को खरीदा



**लंदन, वार्ता।** लंदन में आयोजित पुरुष हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिन... हजार पाउंड (दो लाख 55 हजार अमेरिकी डॉलर) में खरीद लिया। अबरार इस टूर्नामेंट में भारतीय स्वामित्व वाली टीम द्वारा खरीदे जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने। भारतीय मीडिया समूह सन टीवी ने पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के नाम से जानी जाने वाली फेंचाइजी का पूर्ण अधिग्रहण कर लिया था, जिसमें उन्होंने ईसीबी से 49 फीसदी हिस्सेदारी और शेष 51 फीसदी हिस्सेदारी यॉर्कशायर से लगभग 100 मिलियन पाउंड में खरीदी थी। इसके अलावा तीन अन्य हंड्रेड टीमों की भी हिस्सेदारी उन निवेशकों को बेची गई थी जो कि आईपीएल फ्रेंचाइजी ... सहयोगी फेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद और एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने किसी भी सक्रिय पाकिस्तानी खिलाड़ी को अपने साथ नहीं जोड़ा था, लंच से ठीक पहले अबरार के लिए ट्रेंट रॉकेट्स के खिलाफ नीलामी जीत ली। उस्मान तारिक के बाद अबरार गुरुवार सुबह नीलामी में खरीदे गए दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। तारिक को बर्मिंघम फीनिक्स ने 1 लाख 40 हजार पाउंड में खरीदा। कई पाकिस्तानी खिलाड़ी पहले भी आईपीएल के स्वामित्व या आंशिक स्वामित्व वाली वैश्विक टी20 टीमों के लिए खेल चुके हैं लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के चलते 2008 के बाद से कोई भी सक्रिय पाकिस्तानी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेला है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**जल जीवन है इसे बचाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहरादून**

पत्र सं0: 1450/ सम्पत्ति नामान्तरण/ कर अनुभाग /2025-26 दिनांक- 12/3/26

**इश्तहार नामान्तरण**
**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरोज बाला पत्नी स्व0 श्री जे0 पी0 अग्रवाल, श्री अजय अग्रवाल पुत्र श्री जे0पी0 अग्रवाल, श्री रवी पुत्र श्री जे0पी0 अग्रवाल द्वारा इस आशय का नामान्तरण सम्बन्धी आवेदन पत्र कार्यालय नगर पालिका में दिनांक- 31.01.2026 को दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है कि नगर पालिका डोईवाला के गृहकर अभिलेखों में सम्पत्ति संख्या-137 स्थित वार्ड संख्या-03 में शपथ पत्र, आधार कार्ड, खतौनी विवरण एवं रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर इनका नाम दर्ज किया जाये।

नगर पालिका अभिलेखों में सम्पत्ति सं0-137 स्थित वार्ड-03 में श्रीमती सरोज बाला पत्नी स्व0 श्री जे0 पी0 अग्रवाल, श्री अजय अग्रवाल पुत्र श्री जे0पी0 अग्रवाल, श्री रवी पुत्र श्री जे0पी0 अग्रवाल का नाम गृहकर वसूली हेतु दर्ज होने पर जिस संस्था/व्यक्ति को आपत्ति हो तो, वह इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेजों के साथ कार्यालय में दे सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा। **अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद डोईवाला।**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड हरिद्वार।**

पत्रांक 2145/ग्रा0नि0वि0/दो-लेखा/ई-निविदा सूचना-18/2025-26 दिनांक 13.03.2026

**"ई-निविदा आमन्त्रण सूचना"**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से विभाग में भवन निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य की ऑन-लाईन ई-निविदा आईटम रेट के आधार पर **दिनांक 20.03.2026 को पूर्वान्ह 12:00 बजे** तक ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है, निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र **दिनांक 20.03.2026 अपरान्ह 13:00 बजे** तक प्रखण्ड कार्यालय हरिद्वार में जमा किये जा सकते हैं एवं उक्त निविदा उसी दिन अपरान्ह **14:00 बजे** उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनाऐं/शर्तें, http:// www.uktenders.gov.in पर **दिनांक** 13.03.2026 से अपरान्ह 17:00 **बजे से उपलब्ध रहेंगी।**–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा शुल्क एवं जी0एस0टी0 का मूल्य | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा का वैद्यता | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद हरिद्वार के विकासखण्ड रुडकी के अन्तर्गत रुडकी में जीवनदीप आश्रम के द्वितीय तल पर कक्षा कक्ष (03 नं0), कक्ष (04 नं0) एवं टायलेट (04 नं0)निर्माण कार्य। | 71.67 | 1.44 | नि0मू0-रु0 4000-00 एव GST मूल्य रु0 720-00 ई-चालान के माध्यम से | 09 माह | 45 दिन | डी0 एवं उच्चतर (भवन निर्माण) |

कार्य से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड हरिद्वार से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण निर्माण विभाग,
प्रखण्ड हरिद्वार

# अल्काराज लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में



● **कार्लोस अल्काराज ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की**

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवम्बर में पेरिस में हराया था। अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा कि मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं। अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की। अल्काराज ने कहा कि टेनिस लगभग आधे सेकंड में सही शॉट चुनने के बारे में है,ष जिन्होंने 19 फोरहैंड विनर के साथ गेम खत्म किया। कभी-कभी मैं शॉट मिस कर देता हूं क्योंकि मैंने सही वाला नहीं चुना होता। मेरे दिमाग में, मेरे पास सात, पांच ऑप्शन होते हैं, कभी-कभी मेरे लिए सही वाला चुनना मुश्किल होता है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज लगातार पांच इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे व्यक्ति बन गए, उनके हमवतन राफेल नडाल (2006-13) और विरोधी नोवाक जोकोविच (2011-16) ही उनसे आगे हैं। अल्काराज हेड2हेड सीरीज में नॉरी से 6-3 से आगे हैं। 26 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव के खिलाफ अपने 6-2 के रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेंगे। अल्काराज ने मेदवेदेव के साथ अपने पिछले चार मुकाबले जीते हैं। अल्काराज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का खिताब जीता, दोनों फाइनल में मेदवेदेव को हराया।

### रोंची और ओरम पीएसएल में कोचिग देंगे

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की पुरुष टीम के असिस्टेंट कोच, ल्यूक रोंची और जैकब ओरम, आने वाले पीएसएल 2026 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के कोच के तौर पर काम करेंगे। भले ही यह मार्च में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड की घरेलू टी20 सीरीज और अप्रैल में बांग्लादेश के लिमिटेड-ओवर्स दौरे से टकरा रहा हो। जहां रोंची न्यूजीलैंड के बैटिंग कोच हैं, वहीं ओरम टीम के बॉलिग कोच हैं। जनवरी में, रों. ची-जिन्होंने 2017-18 में टूर्नामेंट में डेब्यू करने के बाद इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए तीन सीजन खेले थे-को टीम का हेड कोच बनाया गया था। ओरम, रोंची के असिस्टेंट में से एक के तौर पर टीम से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा कि यह ल्यूक और जेक के लिए अपने कोचिग अनुभव को और बढ़ाने और न्यूजीलैंड क्रिकेट के माहौल से बाहर अपने कौशल को निखारने का एक शानदार मौका है। ष्ठीक हमारे खिलाड़ियों की तरह, हमारे कोचों की भी दुनिया भर में काफी मांग है। हमारा मानना है कि ल्यूक और जेक को पीएसएल में बिताए समय से न सिर्फ निजी तौर पर फायदा होगा, बल्कि वे ऐसा ज्ञान और जानकारी भी वापस ला पाएंगे।

# एआईएफएफ के पूर्व महासचिव का निधन



● **ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दान के निधन पर शोक व्यक्त किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दास ने 2010 से 2022 तक एआईएफएफ के महासचिव के रूप में सेवा दी थी। उनका निधन शुक्रवार, को 66 वर्ष की आयु में हुआ। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट कुशल दास भारतीय फुटबॉल में खेल प्रबंधन और प्रशासन का व्यापक अनुभव लेकर आए थे। अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत में उन्होंने पीडब्ल्यूसी, और शेल जैसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम किया।

1996 में जब वैश्विक खेल विपणन और टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी आईएमजी भारतीय बाजार में आई, तब वे उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में जुड़े। बाद में उन्होंने दुबई में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में भी कार्य किया, जिससे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशासन में उनकी पहचान और मजबूत हुई।

नवम्बर 2010 में उन्होंने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के महासचिव का पद संभाला, जिसे उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक निभाया। अपने कार्यकाल के दौरान दास ने कई महत्वपूर्ण आयोजनों और संरचनात्मक बदलावों की देखरेख की, जिनसे भारत में फुटबॉल की पहचान को नई ऊंचाई मिली। उनके नेतृत्व में भारत ने 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप की सफल मेजबानी की। महिला फुटबॉल में भी इस दौरान महत्वपूर्ण प्रगति हुई और 2017 में इंडियन विमेंस लीग की शुरुआत की गई।

उनके कार्यकाल के अंतिम चरण में भारत ने 2022 एएफसी महिला एशियन कप जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफल मेजबानी भी की। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि कुशल दास ने एआईएफएफ के महासचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय फुटबॉल के प्रशासन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय फुटबॉल के लिए उनके प्रयास हमेशा याद किए जाएंगे। भारतीय फुटबॉल समुदाय की ओर से मैं उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति इस कठिन समय में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

CMYK



### अवैध खनन पर एसएसपी नवनीत सिंह का बड़ा एक्शन

# इकबालपुर चौकी प्रभारी व 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड



**❖क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध खनन की शिकायत पर कप्तान ने उठाया सख्त कदम, एसपी देहात को सौंपी प्रकरण की जांच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/झबरेड़ा।** हरिद्वार एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने अवैध खनन की शिकायत पर बड़ा एक्शन लेते हुए इकबालपुर चौकी प्रभारी व चौकी क्षेत्र में तैनात छह पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है एसएसपी के इस कड़े एक्शन से से पुलिस महक में में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि इकबालपुर क्षेत्र में लगातार हो रहे अवैध खनन की चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मियों की मिली भगत की शिकायत मिल रही थी। जो चौकी पर भारी है, पुलिसकर्मियों पर गाज की वजह बनी है। एसपी ने उक्त प्रकरण की जांच एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल को सोंप दी है।

जानकारी के अनुसार इकबालपुर क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन का कारोबार जोरों पर चल रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार इसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से की जा रही थी। आरोप था कि क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन के बावजूद संबंधित पुलिसकर्मी कार्रवाई करने के बजाय मामले में मिलीभगत कर रहे थे। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी हरिद्वार नवनीत सिंह भुल्लर ने पूरे मामले की समीक्षा की। जांच में प्रथम दृष्टया चौकी प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर कप्तान ने तत्काल सख्त कदम उठाते हुए इकबालपुर चौकी प्रभारी : उ0नि0 नवीन सिंह चौहान व हे0का0 विरेन्द्र शर्मा, हे0का0 हरेन्द्र,सिपाही विपिन कुमार,देवेश सिंह, प्रदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया इसके साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जिम्मेदारी एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल को सौंपी गई है। प्रशासन का कहना है कि जांच के आधार पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद जनपद पुलिस व अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस कप्तान के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि क्षेत्र में अब अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगेगी। एसएसपी के इस कड़े एक्शन से पुलिस महकमें में खलबली मची हुई है।

# लंढौरा में गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान, एजेंसियों पर लगीं लंबी कतारें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले दो दिनों से गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। लोग सुबह से ही खाली सिलेंडर लेकर लाइन में लग रहे हैं, लेकिन कई घंटों के इंतजार के बाद भी कई उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पा रही है।अमेरिका और ईरान-इजराइल के बीच रहे युद्ध से देश में गैस का संकट गहराने लगा है। सिलेंडर की किल्लत होने की अफवाहों पर लोगों परेशान हैं। यही वजह है कि उपभोक्ता अतिरिक्त सिलिंडर जुटाने लगे हैं। इस वजह से ऑनलाइन बुकिंग के सिस्टम पर उपभोक्ताओं का ट्रैफिक इतना बढ़ गया है कि ओटीपी आने में भी दस-दस घंटे का समय लग रहा है। गैस की बुकिंग नहीं होने से एजेंसी संचालक और उपभोक्ता परेशान हैं। वह ओटीपी आने का इंतजार कर रहे हैं। ओटीपी आने के बाद सिलिंडर बुक हो रहे हैं। शुक्रवार को भी लंढौरा में गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लाइनें लगी रहीं। कई लोग सुबह से दोपहर तक लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ पर लौटने को मजबूर हो रहे हैं। गैस की किल्लत को खासकर जिन परिवारों में शादी है, वह बेहद चिंतित है, क्योंकि कमर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इससे शादी परिवार के लोगों को सिलिंडर की व्यवस्था करने में दिक्कतें रही हैं। इससे लोगों में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। एक ओर सरकार और तेल कंपनियां देश में गैस की पर्याप्त उपलब्धता होने का दावा कर रही हैं, वहीं स्थानीय स्तर पर किल्लत से लोग परेशान हैं। ऐसे में लोगों का कहना है कि यदि भंडारण पर्याप्त है तो वितरण व्यवस्था में कहीं न कहीं समस्या जरूर है।

# किसानों के खेतों से आधा दर्जन सिंचाई मोटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने एक बार फिर पुलिस की गश्त को चुनौती दी है। लक्सर कोतवाली अंतर्गत अकौढा कला गांव के जंगल में गुरुवार की रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया और करीब आधा दर्जन किसानों के सिंचाई मोटर चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए।वारदात का विवरणमिली जानकारी के अनुसार, अकौढा कला गांव के किसानों ने गुरुवार को दिनभर खेतों में सिंचाई की थी। देर शाम काम निपटाकर वे घर लौट गए थे। शुक्रवार की सुबह जब किसान दोबारा खेतों पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनके नलकूपों से मोटर गायब थेइन किसानों को बनायानिशाना:नरेशपुत्रनेपालअजय पुत्रओमप्रकाशराजेशपुत्रहरपाल दिनेश पुत्र ओमप्रकाश दो अन्य ग्रामीणपुलिस की कार्रवाईग्रामीणों ने तत्काल इस घटना की सूचना लक्सर कोतवाली को दी। सूचना मिलते ही एसएसआई नितिन चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। किसानों ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। की शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने क्षेत्र में छानबीन शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगीनितिन चौहान, एसएसआई, लक्सर कोतवालीक्षेत्र में बढ़ा रोषएक साथ छह मोटर चोरी होने से ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ गहरा रोष है। किसानों का कहना है कि चोरी की बढ़ती घटनाओं से उनकी खेती और आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। अब देखना यह होगा कि लक्सर पुलिस इस गिरोह तक कितनी जल्दी पहुँच पाती है।

## मंगलौर पुलिस ने माल सहित चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली मंगलौर क्षेत्र में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया। वादी निशांत पुत्र अवनीश निवासी गायत्री एंक्लेव द्वारा अपने चाचा की फैक्ट्री से सामान चोरी होने के संबंध में कोतवाली मंगलौर में आरोपी अंकित पाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 13.03.2026 को पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद किया अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नाम पता आरोपित-अंकित पाल पुत्र रमेश निवासी होटल पैसिफिक के पीछे, थाना कोतवाली मंगलौर है।

# जनसमस्याओं पर कांग्रेस का प्रशासन को अल्टीमेटम

## तीन दिन में व्यवस्थाओं में करें सुधार, अन्यथा सड़कों पर उतरेंगे कांग्रेसी



**❖निगम सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते शहर में लग गए हैं गंदगी के ढेर, बीमारी फैलने की आशंका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में लगातार बढ़ती जनसमस्याओं और प्रशासन की उदासीनता को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को कांग्रेस पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि तीन दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो पार्टी को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि शहर से जुड़ी कई गंभीर समस्याओं के बारे में प्रशासन को बार-बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन की इसी लापरवाही के कारण आम जनता को रोजमर्रा की सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने शहर से जुड़ी कई प्रमुख समस्याओं को उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने बताया कि इन दिनों शहर में रसोई गैस की भारी कमी से लोग जूझ रहे हैं, इसलिए गैस आपूर्ति को जल्द से जल्द सामान्य किया जाए। इसके अलावा नगर निगम के सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए हैं जिससे भयंकर बीमारी फैलने की आशंका है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर तुरंत सफाई व्यवस्था बहाल कराने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम में कथित भ्रष्टाचार के मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग उठाई। साथ ही खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा नए राशन कार्ड जारी न किए जाने से गरीब परिवारों को आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, इस समस्या के समाधान की भी मांग की गई।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि तीन दिन के भीतर शहर की स्थिति में सुधार नहीं दिखा, तो जिला कांग्रेस कमेटी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### निगम सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से गंदगी के चलते आमजन परेशान

# मेयर व नगर आयुक्त ने संगठनों के साथ चलाया सफाई अभियान



**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की नगर निगम में पिछले पांच दिनों से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच शुक्रवार को नगर निगम प्रशासन ने सफाई व्यवस्था पटरी पर लाने के लिए अभियान शुरू कर दिया। मेयर अनीता अग्रवाल और नगर आयुक्त राकेश तिवारी के नेतृत्व में स्थाई कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय से सफाई अभियान की शुरुआत की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस बल भी तैनात रहा। वहीं नगर आयुक्त राकेश तिवारी ने बताया हड़ताली कर्मचारियों से लगातार वार्ता की जा रही है।

नगर निगम के आउटसोर्स कर्मचारी संविदा या नियमित किए जाने समेत तीन मांगों को लेकर पिछले पांच दिनों से हड़ताल पर हैं, जिसके चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई थी। हड़ताली कर्मचारियों और निगम अधिकारियों के बीच कई दौर की वार्ता भी हुई, लेकिन अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है। इसी बीच मेयर, नगर आयुक्त और पार्षदों के नेतृत्व में स्थाई कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था संभालते हुए पुलिस की मौजूदगी में अभियान शुरू किया। सफाई अभियान की शुरुआत नगर निगम कार्यालय से की गई और इसके बाद सिविल लाइंस बाजार क्षेत्र में सफाई कार्य कराया गया। इस दौरान एसडीएम ए. के. शुक्ला और तहसीलदार विकास अवस्थी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। सफाई अभियान के दौरान इनर व्हील क्लब स्पार्कल की अध्यक्ष निशा सुराना,नीलम मधोक ने भी सहयोग दिया। मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा कि निगम के स्थाई कर्मचारी काम पर लौट आए हैं और उम्मीद है कि बाकी कर्मचारी भी जल्द ही काम पर लौटेंगे, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। वहीं नगर आयुक्त राकेश तिवारी ने बताया कि हड़ताली कर्मचारियों से लगातार वार्ता की जा रही है। कुछ बिंदुओं पर निगम स्तर पर सहमति बनी है, जबकि शासन स्तर की मांगों पर निर्णय सरकार द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का विवाद न हो, इसलिए सफाई अभियान के दौरान पुलिस को सुरक्षा के लिए साथ रखा गया है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सत्यवीर उर्फ पप्पू का आचरण मेरे व मेरे परिवार प्रति ठीक ना होने का कारण मैं सत्यवीर को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद सत्यवीर की किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **इलम चंद पुत्र सुक्कड नि. ग्राम बुक्कनपुर थाना पथरी तह लक्सर, हरिद्वार।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र राजवीर का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने राजवीर को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध-विच्छेद कर लिया है आज के बाद राजवीर के किस भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **श्रीमती शिक्षा रानी पत्नी स्व: शोभाराम निवासी ग्राम मुंडाखेड़ा खुर्द, कोतवाली लक्सर हरिद्वार।**

# पुलिस चौकी पर बैठी बुजुर्ग महिला नहीं बता रही अपना नाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला देहरादून हररावाला पुलिस चौकी में बैठी हुई है जो अपना नाम भी नहीं बता पा रही है। अगर किसी को भी इस बुजुर्ग महिला के घर की जानकारी मिले तो वह जानकारी तुरंत थी लक्सर पुलिस को दें।

जानकारी के अनुसार लक्सर कोतवाली प्रभारी प्रवीण कोश्यारी ने जानकारी देते हुए बताया जानकारी मिली है कि लक्सर क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला देहरादून जिले की हररा वाला पुलिस चौकी में बैठी हुई है उन्होंने यह भी बताया कि यह बुजुर्ग महिला अपना नाम पता नहीं बता पा रही है यह केवल गांव लक्सर ही बता रही है इन्होंने सभी मीडिया कर्मियों से अपील की है कि इस खबर को क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा पहुंचाएं जिससे बुजुर्ग महिला को उसके घर का पता मिल सके और उसके परिजन उस बुजुर्ग महिला को ले जा सकें उन्होंने मीडिया के साथ-साथ आम जनता से भी अपील करते हुए कहा है कि अगर किसी को भी इस बुजुर्ग महिला के घर की जानकारी मिले तो वह जानकारी तुरंत थी लक्सर पुलिस को दे जिससे उसे बुजुर्ग महिला को देहरादून हरा वाला पुलिस चौकी से लाकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया जा सके।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बालिग पुत्री प्रियांशी तोमर ने हमारी मर्जी के खिलाफ जाकर 19-02- 2026 को कोर्ट मैरिज कर ली है प्रियांशी तोमर का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने अपनी पुत्री प्रियांशी को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध-विच्छेद कर लिया है आज के बाद प्रियांशी के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **कृष्णपाल तोमर पुत्र सुखपाल सिंह नि. ग्राम मथाना, पोस्ट दाबकी कला, लक्सर हरिद्वार।**

# काजमी हाउस में कराई गई मौहम्मद साहब की दाढ़ी के बाल मुबारक की जियारत



**❖मंगलौर के काजमी परिवार में 55 सालों से हर साल अलविदा जुम्मे की कराई जाती है जियारत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** इस्लाम के आखरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के पवित्र दाढ़ी के बाल मुबारक व पीराने पीर हजरत गोसे आजम के पवित्र बाल मुबारक की जियारत अलविदा जुमा को मंगलोर मोहल्ला किला में काजमी हाउस में कराई गई। बाल मुबारक की जियारत (दर्शन) कराते हुए काजी जमाल काजमी ने बताया कि मंगलोर में इस ऐतिहासिक पवित्र बाल मुबारक की जियारत गत 700 वर्षों से उनके परिवार में होती चली आ रही है ।उनके अनुसार गुलाम वंश के शासक गयासुद्दीन बलबन 1262 -1287) की इकलौती पौत्री की शादी उनके पूर्वज सयैद हाशिम के साथ हुई थी जो यहां के जमीदार थे ।उन्होंने बिना दहेज के शादी की थी और उनको तीन चीजें ,हजरत मोहम्मद साहब की दाढ़ी का पवित्र बाल मुबारक, इस्लाम के सातवें इमाम सयैद इमाम मूसा काजिम के हाथ का लिखा कुरान शरीफ और बगदाद के पीराने पीर हजरत गोसे आजम का बाल मुबारक तोहफे में दिया गया था। जिनकी जियारत हर वर्ष केवल रमजान के आखरी जुमा को ही कराई जाती है जिनके दर्शन सैकड़ों अकीदतमन्द करते हैं। 200 पूर्व काजमी खानदान की कुरीतियों के कारण ये बाल मुबारक गायब हो गया था परंतु काजमी परिवार की एकमात्र कुरान हाफिज महिला उम्मे हानी जब हज पर गयी तो उन्होंने मदीने में हजरत मोहम्मद साहब के मजार के सामने रो रो कर दुआ की कि ये बाल मुबारक फिर से उनके परिवार में आ जाये तभी सपने में मोहम्मद साहब ने फरमाया अपने कुरान को खोल कर देखो रखा हुआ है। आंख खोली तो वो बाल मुबारक मौजूद था। तब से ये जियारत लगातार होती आ रही है। अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी ने बताया कि निरन्तर 55 वर्षो से, बचपन से ही वे इस पवित्र बाल मुबारक के दर्शन करते आ रहे हैं जिसमे सभी धर्मों के लोग शामिल होते रहे हैं। मंगलोरी ने बताया कि देश विदेश में मोहम्मद साहब के अनेक बाल मुबारक मौजूद हैं। मगर उनमें अधिकतर पैगम्बर साहब के सिर के बल हैं जो उन्होंने हज के दौरान कटवाए थे ,मगर मंगलोर में मौजूद बाल मुबारक हजरतमोहम्मद साहब की दाढ़ी का है।जिसके दर्शन से पुण्य मिलता है।

### शहर व देहात में अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के चौथे जुम्मे की नमाज

# मुल्क में अमन व खुशहाली की मांगी दुआएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रमजान-उल-मुबारक के चौथे जुमा की नमाज नगर और आसपास के क्षेत्रों में अकीदत के साथ अदा की गई। मुल्क की खुशहाली तथा अमनों,सलामती और भाईचारे की दुआएं मांगी गई।

रुड़की नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में जुमा की नमाज मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने अदा कराई,जबकि जुमा की नमाज से पहले तकरीर करते हुए मदरसा रहमानिया के प्रधानाचार्य मौलाना अजहर उल हक ने रमजान महीने के आखिरी अशरे पर रोशनी डालते हुए कहा कि रमजान धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है।पहला अशरा रहमतों का और दूसरा अशरा मगफिरत का गुजर चुका है अब तीसरा अशरा जो जहन्नुम से छुटकारा पाने का अशरा चल रहा है, तो इस अशरे के बचे हुए दिनों में इबादत को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर यह अशरा गफलत में गुजर गया तो रोजादारों के लिए बड़ी मेहरूमी हो जाएगी।अल्लाह इस अशरे में अपने बंदों पर खूब नेकियां बरसाता है।सहरी से लेकर इफ्तार और सुबह सादिक तक अल्लाह की रहमतें बरस रही हैं,लेकिन यह उन लोगों के लिए है,जो रोजा और नमाज की पाबंदी के साथ अल्लाह के हुक्मों पर अमल कर रहे हैं,जो लोग इस अशरा में गफलत बरत रहे हैं उनके लिए बड़ी मेहरूमी है।बहुत से ऐसे लोग भी है,जो नमाजों की पाबंदी ठीक से नहीं कर रहे हैं रोजा तो रखते हैं,लेकिन बुरी चीजों से नहीं बच रहे हैं।उन्हें चाहिए कि वह अल्लाह की इबादत में साफ दिल के साथ जुट जाएं।बचे हुए दिन और वक्त की कदर करते हुए अपनी इबादत को बढ़ाएं।उन्होंने ईद की नमाज से पहले सदका तुल फितरा और जकात को अदा करना हर मुसलमान पर फर्ज बताते हुए कहा कि जिसके पास जरूर से ज्यादा धन-दौलत है वह ईद की नमाज पढ़ने से पहले अदा करें,जबकि जकात पूरे साल भर में कभी भी दी जा सकती है।इस अवसर पर इं०मुजीब मलिक, डॉ० नैयर काजमी,मौलाना अरशद कासमी, मौलाना मोहम्मद हारुन,कारी नफीस अहमद,मौलाना मोहम्मद यूसुफ,कारी जाकिर हुसैन,कारी मोहम्मद जफर,हाफिज अशरफ हुसैन,कारी सरफराज अली,मोहम्मद मोफीक,हाजी नौशाद अहमद,प्रशासक हाजी मोहम्मद मुस्तकीम, कुंवर जावेद इकबाल, कारी एहतेशाम,कारी कलीम, इमरान देशभक्त,आदि बड़ी तादाद में नमाजी मौजूद रहे।

CMYK

# सम्पादकीय

शनिवार, 14 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## पीएम की चुप्पी

ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंतत: कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चुनौती की बात स्वीकार की है और चाहिए शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए संजीवनी है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है। यह छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका। यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है। कूटनीतिक रणनीति क्या है। आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन तारपीडो करेगा। यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की अधिसू. चना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सड़क पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था।

## ...तो कांशीराम उप्र के मुख्यमंत्री होते



केवल राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता, बदलाव तब आता है, जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है, उसे वह स्वीकार नहीं करेगा, भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बीआर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे, आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है, इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है, अगर जवाहरलाल नेहरु आज जीवित होते, तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई है। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई है जो अबतक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है जिस वजह नेपाल में नई सरकार के सत्ता रूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।

राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें तो दुनिया में इक्का दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता एक आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यत: नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। काठमांडू के युवाओं ने इन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्ता रूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो,उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्ता रूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा। बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद के बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व। वीपी कोइ. राला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरूंग जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में हैं, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पावर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है। निसंदेह नेपाल की यह युवा सरकार नेपाल में बदलाव के अनुभूति की इबारत लिखने का प्रयास करेगी जो नेपाल के लिए सुखद होगा ही दुनिया के लिए भी एक नजीर होगा, जैसा कि इनमें नेपाल के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून दिख रहा है। नेपाल एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसपर चीन की नजर है ही, अमेरिका भी यहां अपना पांव पसार रहा है। भारत चूंकि इस नन्हें राष्ट्र का पड़ोसी है और दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी संधियों के नाते भारत और नेपाल के बीच के संबंध सबसे अलग और आत्मीय है। नेपाल के नई सरकार से भी भारत के रिश्तों को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है।भारत के पीएम मोदी की बालेन शाह और पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने से वार्ता के बाद नेपाल और भारत से रिश्तों में प्रगाढ़ता के संकेत मिले हैं।

भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने बालेन शाह और रवि लामी छाने को प्रचंड जीत की बधाई दी और नेपाल के नई सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। मोदी से वार्ता के बाद बालेन शाह और रवि लामी छाने का जो बयान आया दर असल भारत के लिए संतोष जनक और उत्साहवर्धक है। संभावित सरकार के दो बड़े हस्तियों ने इस वार्ता को बहुत ही सार्थक बताया और कहा भारत सदैव ही नेपाल का हितैषी राष्ट्र रहा है, आगे भी रहेगा। भारत और नेपाल के बीच चलताऊ रिश्ते तो है नहीं, दोनों देश रोटी बोटी के रिश्ते से लेकर रीति रिवाज, धर्म, सांस्कृतिक और सभ्यता की दृष्टि से बेहद करीब हैं। बालेन शाह और रवि लामी छाने दोनों ने इस संबंधों को और आगे बढ़ाने को लेकर उत्सुकता दिखाई है। हालांकि इसका संकेत तभी मिल गया था जब बीच चुनाव में पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने काठमांडू के एक होटल में भारतीय राजदूत नवीन वास्तव से मुलाकात की थी। नेपाल चुनाव में यह जो परिवर्तन की आंधी चली है,दर असल यह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पर भरोसा और जिम्मेदारियों का बोझ है। पहले की सरकारों में पहाड़ और मैदान, पहाड़ी और मधेशी को लेकर भी विभेद रहा है,अब शायद ऐसा न हो। संविधान में कुछ मुद्दों को लेकर मधेश की अनदेखी हुई है। मधेशी नेता इसी मुद्दे को लेकर मधेशी जनता को ठगते रहे हैं। बालेन शाह ने संविधान संशोधन की बात खुद ही कहकर मधेशी नेताओं के मुंह पर ताला लगा दिया। खैर इस चुनाव में तो मधेश आधारित राजनीतिक दलों के अस्तित्व पर ही संकट आ पड़ा है।

भारत और नेपाल के बीच जो उत्तराखंड के भू क्षेत्र का विवाद है, नई सरकार उसे हल करना चाहेगी लेकिन पूर्व पीएम ओली की तरह बवाल काट कर नहीं। इस मुद्दे को बात चीत के जरिए सुलझाने पर जोर होगा। इसके अलावा भारत और नेपाल के बीच जहां जहां भी सीमा विवाद है ,इसे हल करने का प्रयास होगा। दोनों देशों के बीच करीब 1760 किमी लंबी सीमा है जहां सौ से अधिक सीमा विवाद है। उम्मीद है नेपाल की नई सरकार कुछ अलग करने की शुरुआत भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद को सुलझाने से करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सूंघने की क्षमता कैसे विकसित हुई

**होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ( सैन फ्रांसिस्को ) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की कोशिकाओं में भी पाया जाता है।**

गंध एक महत्वपूर्ण संवेदना है। मनुष्यों में यह शायद उतनी महत्वपूर्ण न हो, लेकिन कई अन्य जंतुओं में यह सबसे महत्वपूर्ण संवेदना होती है। जहां अन्य संवेदनाओं को लेकर हमारी समझ काफी विस्तृत है, वहीं गंध को लेकर कई अस्पष्टताएं हैं। अब हम इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़े हैं।

गंध संवेदना दरअसल एक रसायन-आधारित संवेदना है। कुछ रसायन हमारी गंध संवेदी तंत्रिकाओं के ग्राहियों को उत्तेजित करते हैं और मस्तिष्क इसे गंध के रूप में पहचानता है। अब पहली बार एक मानव गंध-ग्राही की सटीक त्रि-आयामी संरचना का खुलासा किया गया है। नेचर में प्रकाशित इस अध्ययन में OR51E2 नामक एक गंध-ग्राही की संरचना का विवरण देते हुए बताया गया है कि यह आणविक क्रियाओं के माध्यम से कैसे चीज की गंध को ताड़ता है।

गौरतलब है कि मानव जीनोम में 400 जीन्स होते हैं जो गंध-ग्राहियों के कोड हैं और यह ग्राही कई गंधों को पहचान सकते हैं। स्तनधारियों में गंध ग्राही के जीन्स सबसे पहले चूहों में 1990 के दशक में पहचाने गए थे। इससे पहले 1920 के दशक में यह अनुमान लगाया गया था कि मनुष्य की नाक तकरीबन 1000 गंधों को ताड़ सकती है, लेकिन 2014 में किए गए एक अध्ययन का निष्कर्ष था कि हम 1 खरब से ज्यादा गंधों को अलग-अलग पहचान सकते हैं। हर गंध-ग्राही गंधदार अणुओं के सिर्फ एक समूह से अंतर्क्रिया कर सकता है जबकि एक ही ओडोरेंट कई ग्राहियों को सक्रिय कर सकता है। होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (सैन फ्रांसिस्को) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की को. शिकाओं में भी पाया जाता है। यह ग्राही OR51E2 दो ओडोरेंट अणुओं के साथ अंतर्क्रिया करता है-एसिटेट (जिसकी गंध सिरके जैसी होती है) और प्रोपिओनेट (जिसकी गंध चीजनुमा होती है)। शोधकर्ताओं ने इस ग्राही को शुद्ध रूप में प्राप्त किया और फिर प्रोपिओनेट से सम्बद्ध तथा असम्बद्ध OR51E2 की संरचना का विश्लेषण किया। इसके लिए उन्होंने क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और एटॉमिक रिजॉल्यूशन इमेजिंग तकनीकों का इस्तेमाल किया। इसके अलावा उन्होंने कंप्यूटर सिमुलेशन की भी मदद ली ताकि पता चल सके कि यह ग्राही प्रोटीन ओडोरेंट अणुओं के साथ कैसे अंतर्क्रिया करता है।

विश्लेषण से पता चला कि यह प्रोटीन OR51E2 आयनिक व हाइड्रोजन बंधनों के जरिए प्रोपिओनेट अणु के कार्बोक्सिलिक समूह को एक अमीनो अम्ल से जोड़ लेता है। जैसे ही प्रोपिओनेट जुड़ता है, OR51E2 की आकृति बदल



जाती है और यही ग्राही को चालू कर देता है। शोधकर्ताओं ने दर्शाया है कि इस ग्राही के जीन में आर्जीनीन को प्रभावित करने वाले उत्परिवर्तन उसे प्रोपिओनेट द्वारा सक्रिय नहीं होने देते। वैज्ञानिकों की इच्छा रही है कि वे गंध ग्राहियों की रासायनिक संरचनाओं का एक कैटालॉग तैयार कर सकें और उसके आधार पर यह बता सकें कि इनमें से कौन-से ग्राही मिलकर किस गंध विशेष का एहसास कराते हैं। मांगलिक की टीम द्वारा यह खुलासा मात्र पहला कदम है।

# एक गिलास दूध और एक छोटा-सा एंजाइम



कल्पना कीजिए, रात का खाना खत्म हुआ और सामने एक गिलास दूध हाजिर हो गया। कुछ लोगों के लिए यह एक सुखद आदत है। लेकिन कुछ लोगों के पेट में दूध पहुंचते ही एक अजीब हलचल शुरू हो जाती है - गैस बनना, मरोड़ उठना, पेट फूलना और कभी-कभी दस्त भी लग जाते हैं। क्या इसके पीछे दूध दोषी है? या हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो बदल चुका है, चुपके से, बिना बताए। यह कहानी है लैक्टोज असहिष्णुता कीद्य एक ऐसी अवस्था जिसे अक्सर दूध से एलर्जी समझ लिया जाता है। यह वास्तव में पाचन के जैव रसायन की एक बेहद रोचक और जैव विकास सम्बंधी गाथा है।

**लैक्टोज क्या है?**

दूध को संपूर्ण आहार कहा जाता है और इसका एक बड़ा कारण है उसमें मौजूद शर्करा, जिसे हम लैक्टोज कहते हैं। रासायनिक दृष्टि से यह एक डाईसेकराइड है, यानी दो सरल शर्करा अणुओं से मिलकर बना अणु। देखा जाए तो, साधारण शकर द्धसुक्रोजत्र भी एक डाईसेकराइड होती है और ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज के अणुओं के जुड़ने से बनती हैरू

**शकर = ग्लूकोज प्लस फ्रक्टोज**

इसी प्रकार से दूध में उपस्थित शर्करा लैक्टोज भी दो शर्करा अणुओं से जुड़कर बनी होती है- लैक्टोज = ग्लूकोज प्लस गैलेक्टोज। जब हम दूध पीते हैं तो आंतों में लैक्टोज टूटकर ग्लूकोज और गैलेक्टोज बन जाते हैं। असहिष्णुता की कहानी यहीं से शुरू होती है।

**लैक्टोज पाचन की दिक्कत**

हमारी छोटी आंत की भीतरी सतह पर असंख्य सूक्ष्म ऊंगली-नुमा संरचनाएं होती हैं जिन्हें विलाई कहते हैं। इन्हीं विलाई पर एक विशेष एंजाइम काम करता है लैक्टेज। लैक्टेज ही वह सूक्ष्म रसायन है जिस पर दूध, खासकर लैक्टोज, पचाने की पूरी जिम्मेदारी टिकी है। लैक्टेज दरअसल लैक्टोज के दोनों अणुओं के बीच की रासायनिक कड़ी को तोड़ता है, जिससे ग्लूकोज और गैलेक्टोज अलग-अलग हो जाते हैं। ए दोनों सरल शर्कराएं आसानी से रक्तप्रवाह में अवशोषित होकर शरीर को ऊर्जा देती हैं। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में है तो लेक्टोज टूटता है, दूध पचता है, ऊर्जा मिलती है, सब सुचारू चलता है। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में नहीं है तो कहानी बदल जाती है। अपचित लैक्टोज जब छोटी आंत से आगे बड़ी आंत में पहुंचता है, तो वहां रहने वाले अरबों जीवाणु, जिन्हें सामूहिक रूप से आंतों का माइक्रोबायोटा कहते हैं, इसे अपने भोजन के रूप में किण्वित करने लगते हैं। यह किण्वन क्रिया कई उत्पाद बनाती है - हाइड्रोजन गैस, कार्बन डाईऑक्साइड, और कभी-कभी मीथेन भी। साथ ही, लैक्टोज आंत में पानी को अपनी ओर खींचता है, जिससे दस्त की स्थिति बन सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समस्या दूध में नहीं, बल्कि उसे पचाने की हमारी घटी हुई क्षमता में है।

**ऐसा क्यों होता है?**

मनुष्य, गाय, बकरी, हाथी वगैरह सभी स्तनधारी जीव जन्म के बाद मां के दूध पर निर्भर रहते हैं। इसलिए प्रकृति ने शिशु को लैक्टेज का भरपूर उत्पादन करने की क्षमता दी है। लेकिन जैसे-जैसे बच्चा ठोस आहार ग्रहण करने लगता है और दूध उसके जीवन का एकमात्र ऊर्जा-स्रोत नहीं रहता, शरीर लैक्टेज बनाने के लिए जिम्मेदार जीन द्धस्ब्ज्त्र की सक्रियता को धीरे-धीरे कम करने लगता है। यह कोई बीमारी नहीं है बल्कि एक स्वाभाविक, सुनियोजित जैविक प्रक्रिया है।

**एक अनोखा मोड़**

लगभग दस हजार वर्ष पहले, जब युरोप, अरब और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में पशुपालन और डेयरी संस्कृति का उदय हुआ, तो एक जेनेटिक उत्परिवर्तन हुआ जिसने प्रकृति की लॉटरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिन व्यक्तियों में यह उत्परिवर्तन था, उनके शरीर में वयस्क होने पर भी लैक्टेज बनता रहा। वे बड़े होने पर दूध पीते रह सकते थे और उन्हें पशुओं के दूध से अतिरिक्त कैलोरी, प्रोटीन और कैल्शियम मिलता था। यह अकाल और कठिन परिस्थितियों में उनके जीवित रहने में सहायक था। इस अतिरिक्त पोषण स्रोत ने इन व्यक्तियों को अधिक संतानें पैदा करने की संभावना दी, और यह जीन पीढ़ी-दर-पीढ़ी फैलता गया। इस परिघटना को लैक्टेज पर्सिस्टेंस या लैक्टोज सहिष्णुता कहते हैं।

**लैक्टोज असहिष्णुता के प्रकार**

प्राथमिक लैक्टोज असहिष्णुतारू सबसे सामान्य प्रकार। उम्र के साथ LCT जीन की सक्रियता स्वाभाविक रूप से घटती है। यह जेनेटिक रूप से निर्धारित होती है और स्थाई होती है। द्वितीयक लैक्टोज असहिष्णुतारू किसी संक्रमण, सीलिएक रोग, क्रो रोग, या आंत की सूजन के कारण लैक्टेज उत्पादन अस्थाई रूप से कम हो जाता है। मूल रोग के उपचार के बाद यह प्रायरू ठीक हो सकता है। जन्मजात लैक्टोज असहिष्णुता यह अत्यंत दुर्लभ है। शिशु जन्म से ही लैक्टेज एंजाइम नहीं बना पाता। मां का दूध भी पच नहीं पाता, इसलिए इसमें तत्काल चिकित्सकीय हस्तक्षेप आवश्यक होता है। लैक्टोज असहिष्णुता का अर्थ जीवनभर दूध का पूर्ण परित्याग नहीं है। कई व्यावहारिक रास्ते खुले हैं, जैसे

-लैक्टोज-मुक्त दूध और दुग्ध उत्पादों का उपयोग करें।

- दही और पनीर अक्सर पच जाते हैं।

-डेयरी-उत्पाद खाने से पहले लैक्टेज एंजाइम सप्लीमेंट लें। थोड़ी मात्रा से शुरू करें और धीरे-धीरे असर जांचें।

-कैल्शियम के वैकल्पिक स्रोत द्धतिल, पालक, सोयाबीन, बादाम दूध अपनाएं।

-किसी भी परिवर्तन से पहले चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

यहां एक महत्वपूर्ण चेतावनी भी हैरू दूध और डेयरी उत्पाद कैल्शियम और विटामिन डी के प्रमुख स्रोत हैं। इन्हें बिना उचित विकल्पों के छोड़ना हड्डियों को प्रभावित कर सकता है, विशेषकर बच्चों और महिलाओं में। लैक्टोज असहिष्णुता के आंकड़ों से यह आश्चर्यजनक तथ्य सामने आता है कि दुनिया की लगभग 60.70 प्रतिशत वयस्क आबादी इसी अवस्था में है। तो फिर प्रश्न यह है कि क्या दूध न पचना असामान्य है, या वयस्क होने पर भी दूध पचना एक विशेष जेनेटिक अपवाद है? दूध न पचना जैविक रूप से सामान्य है।

जैव विकास की .ष्टि से देखें तो लैक्टेज पर्सिस्टेंस यानी वयस्कावस्था में भी लैक्टोज पचाने की क्षमता वास्तव में एक अपवाद है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि सामान्य की परिभाषा अक्सर हमारी सांस्कृतिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि से आकार लेती है, विज्ञान से नहीं। अंत में दूध से दूरी बनाने की जरूरत शरीर की जैविक विविधता का एक ईमानदार संकेत है। हमारा शरीर समय के साथ बदलता हैय जो शिशु अवस्था में सहज था, वह वयस्क होने पर बदल सकता है। एक व्यक्ति के लिए स्वाभाविक, दूसरे के लिए असहज हो सकता है। शरीर कोई एक स्थिर मशीन नहीं, बल्कि एक बदलती हुई जैविक कहानी है कृ और हर कहानी का अपना स्वाद है।

**-ऋषि राज राय**
**स्रोत फीचर्स**



**नई दिल्ली। देश में जारी 'एलपीजी संकट' के विरोध में प्रदर्शन के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के एक सदस्य को हिरासत में लेते हुए।**

## ईरान में 6000 ठिकानों पर हमला किया: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दावा किया है कि उसने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान ईरान में 6,000 ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिका के केंद्रीय कमान की ओर से जारी किए गए नए आंकड़ों के अनुसार अमेरिका ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान ईरान में 6000 ठिकानों पर हमला किया है। इस अभियान के लगभग 60 जहाज और 30 बारूदी सुरंगें बिछाने वाले ईरान जहाजों नुकसान पहुंचाया है या उन्हें नष्ट कर दिया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के अनुसार ईरान में अन्य ठिकानों में सैन्य ठिकानों, हथियार बनाने की फैक्ट्रियां, बैलिस्टिक मिसा. इल के केंद्रों, पनडुब्बियों और हवाई सुरक्षा प्रणालियों पर अमेरिका की ओर से हमले किए गए हैं।

## होर्मुज में शांति-सुरक्षा बनाए रखना ईरान का अधिकार: सईद ईरावनी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना उनके देश का 'निहित अधिकार' है। इरावानी ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि ईरान 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्र कानून के तहत नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांत का पूरी तरह से सम्मान करता है और इसके प्रति प्रतिबद्ध है। प्रतिनिधि ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति ईरान की आत्मरक्षा का परिणाम नहीं है, बल्कि यह ईरान पर हमला करने और क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करने की अमेरिका की कार्रवाइयों का प्रत्यक्ष परिणाम है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने के हथियार का उपयोग निश्चित रूप से जारी रहना चाहिए।

# अमेरिका ने H-1B वीजा देने की प्रक्रिया में किया बदलाव

### अब सैलरी के आधार पर होगा चयन, 1 अप्रैल से नया फॉम I-129 लागू होगा




■ कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी
■ इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम लाटरी के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने फार्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा।

कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानक. ारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। मसलन, लेवल-4 के उम्मीदवार को चार मौके मिलेंगे, जबकि लेवल-1 को सिर्फ एक मौका मिलेगा। फार्म आई-129 का उपयोग अस्थायी कामगारों को अमेरिका बुलाने के लिए किया जाता है। अमेरिका का श्रम विभाग हर पेशे और शहर के लिए एक मानक वेतन तय करता है। उसी के आधार पर नौकरी को लेवल-1 से लेवल-4 में रखा जाता है। भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, क्योंकि हर साल कुल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स को जारी किए जाते हैं। एच-1 बी वीजा की फीस कितनी- पहले फीस लगभग 9 हजार डालर यानी करीब 8 लाख 30 हजार रुपए थी, लेकिन सितम्बर 2025 में ट्रम्प ने इसे बढ़ाकर 1 लाथ डालर यानी लगभग 90 लाख रुपए कर दिया। इस वीजा की अवधि कितनी है- 3-3 साल के लिए दो बार जारी होता है। कुल अवधि 6 साल के बाद आवेदक चाहे तो ग्रीन कार्ड यानी नागरिकता से पहले की स्टेज के लिए आवेदन कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका ने ईरान को सौंपे यूएस हमले में मारे गए 45 नाविकों के शव

**कोलंबो।** श्रीलंका ने शुक्रवार को अमेरिकी पनडुब्बी हमले में मारे गए 45 ईरानी नाविकों की लाशें ईरान के दूतावास को सौंप दी। ये नाविक उस ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर सवार थे, जिस पर गाले के पास हमला हुआ था।इस जहाज को भारत के विशाखापत्तनम से ईरान लौटते समय निशाना बनाया गया था, जहां यह नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा ले चुका था। इससे पहले, श्रीलंका ने 84 नाविकों की लाशें बरामद की थीं और अब 45 शवों को शुक्रवार को मत्तला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से ईरान भेजा जाएगा।

### रूस से तेल आपूर्ति पर बातचीत करेगा थाईलैंड: उपप्रधानमंत्री

**बैंकॉक।** थाईलैंड के उपप्रधानमंत्री फीफाट रत्चाकिप्राकार्न ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश रूस से कच्चे तेल की खरीद के लिए बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि अमे. रिका के हालिया बयान के बाद रूसी तेल निर्यात के बहिष्कार में ढील की जानकारी सामने आई है। इसके बाद थाईलैंड भी उन देशों में शामिल होगा जो रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर बातचीत शुरू करेंगे। यह वार्ता थाईलैंड के ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शुरू की जाएगी। उपप्रधानमंत्री के अनुसार, फिलहाल थाईलैंड के पास पेट्रोलियम प्रसंस्करण के लिए लगभग 98 दिनों के बराबर कच्चे तेल का भंडार मौजूद है।

### अफगानिस्तान में दो अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने की शुक्रवार को पुष्टि की। सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार इन दोनों व्यक्तियों को स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्थानीय समाचार चैनल 'टोलो न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार में मुजाहिद ने स्पष्ट किया कि इन अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी अफगान कानून तोड़ने के कारण हुई है।

### ऑस्ट्रेलिया में मिलीं 'मॉनिटर लिजार्ड' की तीन नई प्रजातियां

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने क्वींसलैंड राज्य में चट्टानों पर रहने वाली मॉनिटर लिजार्ड (मॉनिटर छिपकली) की तीन नई प्रजातियों की पहचान की है। यह खोज ऑस्ट्रेलिया के सवाना क्षेत्रों में इस प्रकार के सरीसृपों का पहला आधिकारिक रिकॉर्ड है। विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इन तीनों प्रजातियों को उनके विशिष्ट रंगों और सवाना परिदृश्य की चट्टानों के अनुकूल खुद को ढालने की क्षमता के आधार पर पहचाना गया है।

# मोजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं: नेतन्याहू

### इजरायली पीएम की ईरान व उसके उसके संगठनों को सीधी चेतावनी, जारी रहेगा सैन्य अभियान

■ किसी भी आतंकी संगठन के नेता की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं ले सकते

■ वे क्षेत्र के कुछ अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहे हैं: नेतन्याहू



**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी संगठनों को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि ईरान के खिलाफ अमे. रिका और इजरायल का साझा सैन्य अभियान उम्मीद से कहीं बेहतर चल रहा है।

वह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं। नेतन्याहू ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के लिए कोई लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) नहीं है। जब ने नेतन्याहू से पूछा गया कि क्या इजरायल मोजतबा खामेनेई और हिजबुल्लाह के नेता नईम कासिम को निशाना बनाएगा, तो उन्होंने दोटूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी भी आतंकी संगठन के नेता की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं ले सकते। गौरतलब है कि मोजतबा के पिता और ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के साझा हमलों में मारे गए थे।

इजरायल ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ 'रोरिंग लायन' नाम से एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान में अमेरिका भी शामिल है, जिसने इसे 'एपिक फ्यूरी' नाम दिया है। इस सैन्य कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रो. कना, उसके मिसाइल कार्यक्रम को नष्ट करना और क्षेत्र में ईरान के मददगार गुटों को खत्म करना है। ईरान में सत्ता परिवर्तन के सवाल पर नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजरायल मिलकर ऐसे हालात पैदा कर रहे हैं, जिससे ईरान की जनता खुद इस क्रूर और तानाशाह शासन को उखाड़ फेंके। उन्होंने बताया कि इजरायली सेना सड़कों और चेकपाइंट्स पर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और बासिज बलों पर लगातार हमले कर रही है। नेतन्याहू ने ईरानी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का समय करीब आ रहा है और इजरायल उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि वे हवाई हमलों के जरिए ऐसे मौके बनाएंगे जिससे जनता सड़कों पर उतर सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब न तो पहले जैसा ईरान रहा, न वैसा मध्य पूर्व और न ही पहले जैसा इजरायल। इजरायल अब इंतजार नहीं करता, बल्कि वह खुद पहल करके पूरी ताकत से हमला करता है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपने मजबूत रिश्तों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ट्रम्प उनके निजी मित्र हैं और दोनों के बीच लगभग हर दिन बात होती है। नेतन्याहू के अनुसार, ट्रम्प ने उनसे कहा है कि अमेरिका और इजरायल का यह रिश्ता इतिहास में सबसे ज्यादा मजबूत है। नेतन्याहू ने यह भी संकेत दिया कि वे क्षेत्र के कुछ अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहे हैं, जिनके बारे में कुछ हफ्ते पहले तक सोचना भी नामुमकिन था।

## निर्दोषों को मारने वाले ईरानियों को मारना 'बड़ा सम्मान': ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उनके लिए उन ईरानियों को मारना एक 'बड़ा सम्मान' है, जो '47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं।' ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वे 47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं। और अब मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उन्हें मार रहा हूं। ऐसा करना कितने बड़े सम्मान की बात है! उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरानी शासन को सैन्य, आर्थिक और अन्य तरीकों से 'पूरी तरह से नष्ट' कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की नौसेना खत्म हो गई है, उनकी वायु सेना अब नहीं रही, मिसाइलें, ड्रोन और बाकी सब कुछ तबाह किया जा रहा है और उनके नेताओं को भी मिटा दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के पास 'अद्वितीय मारक क्षमता, असीमित गोला-बारूद और पर्याप्त समय' है।

# खाड़ी देशों की 'पेट्रो-डॉलर' व्यवस्था पर बढ़ा दबाव

■ ब्रिक्स की भूमिका अहम, बढ़ते संघर्ष ने हालांकि ब्रिक्स के भीतर भी मतभेदों को उजागर किया हैं

**नई दिल्ली।** ईरान-अमे. रिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के बीच खाड़ी देशों की पेट्रो-डॉलर प्रणाली पर दबाव बढ़ता नजर आ रहा है और ऐसे समय में ब्रिक्स समूह की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ब्रिक्स की सक्रिय और रचनात्मक भूमिका की आवश्यकता पर जोर दिया।

पेजेशकियन ने कहा कि अमे. रिका और इजरायल द्वारा ईरान के महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बनाए जाने के बावजूद ईरान भारत और अन्य मित्र देशों के साथ ब्रिक्स तथा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों के माध्यम से सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विश्लेषकों के अनुसार मौजूदा ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध के संदर्भ में पहली बार ब्रिक्स का खुलकर उल्लेख किया गया है, जिससे संकेत मिलता है कि 11 सदस्यीय समूह में शामिल ईरान को इस मंच से समर्थन की उम्मीद है। बढ़ते संघर्ष ने हालांकि ब्रिक्स के भीतर भी मतभेदों को उजागर किया हैं। ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिका-इजरायल के हमलों की आलोचना करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है, जबकि 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहे भारत ने सीधे तौर पर हमलों की निंदा नहीं की है बल्कि संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान पर जोर दिया है। मोदी ने भी पेजेशकियन से बातचीत में क्षेत्र में बढ़ते तनाव, नागरिकों की मौत और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर चिंता जताते हुए शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को जरूरी बताया। इस बीच ईरान द्वारा यूएई और सऊदी अरब पर हमलों ने ब्रिक्स के कुछ सदस्य देशों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है, जिससे युद्ध पर संयुक्त बयान जारी करना लगभग असंभव हो गया है। इस संकट ने हालांकि पश्चिमी वित्तीय प्रणाली से स्वतंत्रता की दिशा में प्रयासों को तेज कर दिया है। ब्रिक्सपे प्लेटफॉर्म को स्विफ्ट (एसडब्ल्यूआईएफटी) नेटवर्क के विकल्प के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी आई है।

## अमेरिका ने हमास को वित्तपोषित करने वाली चार संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

■ वित्त मंत्रालय हमास को अपने हिंसक उद्देश्यों के लिए धर्मार्थ संस्थाओं का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं देगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को चार धर्मार्थ संस्थाओं पर हमास उग्रवादी समूह को गुप्त रूप से वित्तपोषित करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगा दिए। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि इन संगठनों ने मानवीय कार्यों की आड़ में धन जुटाया, लेकिन अंततः हमास की सैन्य शाखा इज्ज अल-दीन अल-कसम ब्रिगेड का समर्थन किया, जो इजरायल के खिलाफ हमलों के लिए जिम्मेदार है। बयान में कहा गया कि ये कार्रवाई हमास द्वारा अपनी सैन्य शाखा के लिए अवैध धन जुटाने के लिए नागरिक संगठनों के शर्मनाक उपयोग को उजागर करती हैं। इसके साथ ही गाजा में आतंकवादी गति. विधियों का समर्थन करने वाले प्रमुख वित्तपोषण स्रोतों को बाधित करती हैं। बयान में कहा गया कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि मानवीय सहायता विश्वसनीय और सुरक्षित संगठनों द्वारा वितरित की जाए और वैध फलस्तीनी हितों एवं क्षेत्र में स्थाई शांति को आगे बढ़ाने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के समर्थन में हो। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि हमास आतंकवादी अभियानों के समर्थन के लिए फर्जी चैरिटी का उपयोग अपनी सैन्य शाखा को वित्तपोषित करने के लिए कर रहा है। वित्त मंत्रालय हमास को अपने हिंसक उद्देश्यों के लिए धर्मार्थ संस्थाओं का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं देगा।

## ईरान के विद्यालय पर हमले के बाद चीन ने बढ़ाया मदद का हाथ

**बीजिंग।** ईरान में एक प्राथमिक विद्यालय पर हुए हालिया हमले में छात्रों की मौत पर चीन ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो लाख अमेरिकी डॉलर की मदद देने की घोषणा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने शुक्रवार को बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। जियाकुन ने बताया कि चीन ने इस दुखद घड़ी में प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताते हुए वित्तीय मदद का निर्णय लिया है। उन्होंने घोषणा की कि 'रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना' ने ईरानी रेड क्रीसेंट सोसाइटी को दो लाख अमेरिकी डॉलर की आपातकाल. ीन मानवीय सहायता प्रदान करने का फैसला किया है।

# फिर बढ़ा एकतरफा टैरिफ का खतरा

### अमेरिका सरकार ने भारत समेत 16 व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ शुरू की नई जांच




**तेहरान।** वैश्विक व्यापार में एक बार फिर तनाव बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने भारत समेत 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ नई जांच शुरू की है। अमेरिका का आरोप है कि इन देशों की व्यापारिक नीतियां अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंचा रही हैं और इससे अमेरिकी बाजार पर दबाव बढ़ रहा है।

यह जांच 1974 के अमेरिकी व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत की जा रही है। यह वही कानून है जिसके तहत अमेरिका किसी देश की व्यापारिक नीतियों को अनुचित मानते हुए एकतरफा टैरिफ बढ़ा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि इस जांच का मकसद यह पता लगाना है कि इन देशों की नीतियां अमेरिकी व्यापार के लिए नुकसानदेह हैं या नहीं। अमेरिका ने जिन देशों के खिलाफ जांच शुरू की है उनमें भारत, चीन, बांग्लादेश, कंबोडिया, यूरोपीय संघ, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको, नार्वे, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ताइवान, मलयेशिया, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि इन देशों की औद्योगिक नीतियों के कारण वैश्विक बाजार में अत्यधिक उत्पादन हो रहा है और इसका असर अमेरिकी उद्योगों पर पड़ रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि इन देशों की नीतियां अमेरिकी कंपनियों के लिए अनुचित या भेदभावपूर्ण तो नहीं हैं। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या इन नीतियों के कारण अमे. रिकी व्यापार पर बोझ पड़ रहा है या उसका विस्तार सीमित हो रहा है। जांच में विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त उत्पादन और क्षमता से जुड़े मुद्दों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। अमे. रिकी प्रशासन का कहना है कि वह अपने औद्योगिक आधार को कमजोर नहीं होने देगा। अधिका. रियों के मुताबिक कई देशों में अतिरिक्त उत्पादन को अमेरिकी बाजार में निर्यात किया जा रहा है। इससे अमेरिकी कंपनियों को नुकसान हो रहा है। इसलिए ट्रम्प प्रशासन नए टैरिफ लगाने के विकल्पों पर भी विचार कर रहा है ताकि घरेलू उद्योगों को संरक्षण मिल सके।

# अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर जवाबी हमला

### खैबर पख्तूनख्वा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, पाकिस्तानी हमले में मारे गए थे 6 अफगानी

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि अफगान वायुसेना ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हवाई हमला किया। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई पाकिस्तानी सेना की बीती रात किए गए हमलों के जवाब में की गई। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि कोहाट क्षेत्र में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को टारगेट किया गया। साथ ही सैन्य किले को भी निशाना बनाया गया।

हालांकि हमले से किसी के मारे जाने या घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। दरअसल, पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबूल और कंधार में हवाई हमले किए थे। तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 6 लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे शामिल है। साथ ही कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के मुताबिक, पाकिस्तान ने प्राइवेट



■ तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में छह लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं

एयरलाइन 'काम एयर' के फ्यूल डिपो पर हमला किया था, जो सिविलियन विमानों और यूएन के विमानों को भी फ्यूल सप्लाई करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षा अधिका. रियों ने रायटर्स को बताया कि यह कार्रवाई पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के ठिकानों पर की गई है। हाल के महीनों में देश में बढ़ते आतंकी हमलों के बाद यह आपरेशन शुरू किया गया। तालिबानी अधिकारियों के मुता. बिक पाकिस्तान ने कई नागरिक इलाकों को भी निशाना बनाया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तानी हमले कंधार और पक्तिका प्रांतों में भी किए गए। कंधार तालिबान नेताओं का गढ़ माना जाता है। वहीं, तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज कर दिया है। उसका कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ हमलों के लिए नहीं होने दिया जाएगा। दरअसल, पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से आपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इन्कार करती रही है।

## इराक में ड्रोन हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत, कई घायल

**पेरिस।** इराक के एरबिल इलाके में ड्रोन हमले के दौरान एक फ्रांसीसी सैनिक मारा गया है और कई अन्य घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि इराक के एरबिल इलाके में एक ड्रोन हमले के दौरान एक फ्रांसीसी सैनिक मारा गया है और कई अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने मारे गए सैनिक का नाम चीफ वारंट ऑफिसर अर्नाड फ्योन का नाम बताया। वह अमे. रिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से मारे जाने वाले पहले फ्रांसीसी सैनिक हैं। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनके परिवार और उनके साथी सैनिकों के प्रति मैं पूरे देश की ओर से अपना स्नेह और एकजुटता व्यक्त करना चाहता हूं। हमारे कई सैनिक घायल हुए हैं। फ्रांस उनके और उनके प्रियजनों के साथ खड़ा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने इस इलाके में इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ रहे फ्रांसीसी सैनिकों पर हुए हमलों की निंदा करते हुए उन्हें अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि इराक में उनकी मौजूदगी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के सख्त दायरे का हिस्सा है। ईरान में चल रहा युद्ध के दौरान ऐसे हमलों को किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता।

